CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 343 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में विधानसभा में विपक्ष की एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज पेज 2



दीप्ति शर्मा पहली बार आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर खेल टाइम्स



आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी सम्पादकीय



ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया पेज 12

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा विहिप ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं।




- विश्व हिंदू परिषद ने किया देश के छह शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब
- मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की

# यूपी टीईटी परीक्षा रद्द

- पीजीटी- टीजीटी की नई तारीखें जल्द

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त कर दी गई है। आयोग की ओर से टीईटी के साथ प्रवक्ता (पीजीटी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम जल्द जारी किए जाएंगे।

टीईटी मई के मध्य में कराने की बात भी कही जा रही है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में परीक्षा नियंत्रक को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोग की भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया जाए और उसी के अनुसार परीक्षाएं कराया जाना सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आयोग में अब गतिरोध दूर होने की उम्मीद जगी है। नए अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में परीक्षाओं की तारीख, तो घोषित नहीं की गई, लेकिन इसका खाका जरूर तैयार किया गया। शीत अवकाश के बाद नए साल में आयोग खुलने पर परीक्षाओं की तारीख घोषित होने की भी उम्मीद है। आयोग की ओर से टीईटी के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है। सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था। वह भारत से भाग गया था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनबीसी) की मदद से यूएई में मिला। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर भगोड़े को वापस लाने में मदद की। इससे पहले सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के कहने पर इंटरपोल के जरिये बजाज के खिलाफ रेड नोटिस हासिल किया था।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नहीं रहे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था।

# SIR वोटर लिस्टः मप्र में 42.74 लाख नाम कटे

## छत्तीसगढ़ में 27 लाख और केरल में 24 लाख लोगों के नाम काटे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99 फीसदी से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी -शेष पृष्ठ दो पर



- राजस्थान व बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ लोगों के हटे थे नाम

# कार्ति चिदंबरम पर कसा कानूनी शिकंजा

**नई दिल्ली।** राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए।

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया गया था। परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया। आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुनः उपयोग करने की योजना बनाई गई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके। इसके बाद, वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जांचकर्ताओं के अनुसार, चेन्नई स्थित व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे पंजाब स्थित फर्म ने अदा किया।



- राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने चीनी वीजा घोटाले में कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोप तय किए

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की न्यायालय की निगरानी में हो सीबीआई जांचः कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** कांग्रेस ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की व्यापक पड़ताल आवश्यक बताते हुए इस घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन साल पुराने इस मामले में हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें खुलासा हुआ है कि इस हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता शामिल रहा है। यह खुलासा खुद को भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली एक महिला ने किया है। इस वीडियो से साफ है कि अपराधी सत्ताधारी दल का नेता है और यदि सीबीआई मामले की जांच करती है, तो वह निष्पक्ष नहीं होगी इसलिए इस पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा के एक पूर्व विधायक की वार्ता का भी एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा खुलासा हुआ है।

- हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता रहा शामिल : गोदियाल

# सहारनपुर के पांच लोगों की हरियाणा में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम निवासी पांच लोगों की हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दम घुटने से मौत हो गई है। मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह सभी दो दिन पहले ही गांव से गए थे। इनमें दो सगे भाई, जीजा-साला और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। पांच मौतों से गांव में मातम है।

शेखपुरा कदीम निवासी नूर (26) ठेकेदारी करता था। वह 21 दिसम्बर को गांव के रहने वाले सोनू (30), मदनपाल (42), रोशनपाल (45) और रामकुमार (46) को कुरुक्षेत्र ले गया था। यह सभी पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे, लेकिन वह मंगलवार सुबह नहीं उठे। सफाईकर्मी ने देखा कि कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। पुलिस मौके पर -शेष पृष्ठ दो पर



- कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, पांचों का घुट गया दम, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल

# भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रहीः राहुल

**बर्लिन, वार्ता**

**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल गांधी 17 से 19 दिसम्बर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ भाजपा से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे। हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है।



- ईडी-सीबीआई का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा
- जर्मनी में बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

# अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापसी की याचिका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है, तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

- केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन माना

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया।

### खड़गे ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिए हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की। खड़गे ने किसान दिवस पर सभी किसान भाइयों-बहनों और खेत मजदूरों को बधाई दी।

### कफ सिरप मामले में शुभम समेत चार के लुकआउट नोटिस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधि. नियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है। कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विस में भी बहस देखने को मिली है।

### विधानसभा में विपक्ष की चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज

# एसआईआर पर यूपी विधानसभा में हुआ हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एसआईआर का काम चुनाव आयोग के नियंत्रण में
■ कांग्रेस बोली बीएलओ की मौतों का मुआवजा दिया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसआईआर का काम चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए इस मांग को ग्राह्य (स्वीकार) नहीं किया जा सकता है।

बीएलओ की मौतों को लेकर उठे सवालों पर सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जवाब दिया। श्री खन्ना ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वह अत्यंत दुखद है और सरकार इस पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जांच कराई जाएगी कि किन परिस्थितियों में घटनाएं हुईं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी कार्यों के मामले में सरकार की भूमिका सीमित है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर मौन है और सरकार आयोग की प्रतिनिधि नहीं है। चुनाव आयोग पर सरकार का कोई प्रत्यक्ष सुपरविजन नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट) के तहत सभी सरकारी कर्मचारी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के डेपुटेशन पर होते हैं और यह पूरा मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि दर्द घुटने का है और इलाज दांत का किया जा रहा है, यानी जिस संस्था की जिम्मेदारी है, उस पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। खन्ना ने कहा कि सरकार मानवीय आधार पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णय और जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। एसआईआर के दौरान मृतक बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

## ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को योगी सरकार की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा, वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और पांच वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पांच वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा।

# सीएम योगी ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है, तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। योगी ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो, तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। उन्होंने कहा कि यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला, तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

## योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है। योगी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को 'किसान दिवस' की हार्दिक बधाई। चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। डबल इंजन सरकार उनकी प्रेरणा से किसान साथियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसान कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मना रही है।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने मार्गदर्शिका का विमोचन किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को यहां एक मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका देश के दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में राजमार्गों एवं सामरिक सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव का दायित्व निभाने वाले सीमा सड़क संगठन ने तैयार की है।



डीपीआर एक व्यापक दस्तावेज होता है जिसमें परियोजना के अभियांत्रिकी डिजाइन, निर्माण पद्धति, क्रियान्वयन रणनीति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा लागत विश्लेषण शामिल होते हैं। सड़क संगठन ने यह मार्गदर्शिका डीपीआर तैयार करने के लिए विनिर्देशों, मानकों, दिशानिर्देशों एवं प्रक्रियाओं को समाहित करते हुए एक संक्षिप्त, व्यापक एवं एकरूप संदर्भ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की है। यह मार्गदर्शिका नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण अथवा मौजूदा सड़क अवसंरचना के उन्नयन, दोनों ही स्थितियों में परियोजना की परिकल्पना के प्रत्येक चरण में अभियंताओं की सहायता करेगी।

# अरावली मुद्दे पर मंत्री का बयान अस्पष्ट

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि अरावली को लेकर केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जो स्पष्टीकरण दिया है, उससे कई और सवाल खड़े होते हैं तथा पूरे मुद्दे को गहरे संदेह में ले जाते हैं।



■ पर्यावरण मंत्री के स्पष्टीकरण पर कांग्रेस खफा

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अरावली मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री का स्पष्टीकरण अस्पष्ट है और इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं, वह भ्रामक है और उससे कई सवाल और संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के अनुसार अरावली के 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से फिलहाल केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पटों के अंतर्गत है, लेकिन यह भी लगभग 68,000 एकड़ है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। हालांकि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा भ्रामक है। इसमें चार राज्यों के 34 अरावली जिलों का पूरा भौगोलिक क्षेत्र शामिल कर लिया गया है। यह एक गलत आधार है, क्योंकि सही आधार तो इन जिलों के भीतर वास्तव में अरावली के अंतर्गत आने वाला भूभाग होना चाहिए। यदि अरावली के वास्तविक क्षेत्र को आधार माना जाए, तो 0.19 प्रतिशत का आंकड़ा बहुत कम आकलन साबित होगा। रमेश ने आरोप लगाया कि तीन चार राज्यों के 34 जिलों में से जिन 15 जिलों के लिए आंकड़े सत्यापित किए जा सकते हैं, उनमें अरावली क्षेत्र पूरे भूभाग का लगभग 33 प्रतिशत है। नयी परिभाषा के तहत इन अरावली क्षेत्रों में से कितना हिस्सा बाहर कर दिया जाएगा और खनन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा-इस बारे में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं है। उनका कहना था कि अगर पर्यावरण मंत्री के सुझाव के अनुसार स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया जाता है, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियां भी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। संशोधित परिभाषा के बाद दिल्ली- एनसीआर में अरावली की अधिकांश पहाड़ी इलाके रियल एस्टेट विकास के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे पर्यावरण पर दबाव और बढ़ेगा।



सेंसेक्स 85524.85
निफ्टी 26117.15



सोना रु. 136133
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 209250
प्रति किलो




# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक नीचे

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.75 अंक यानी 0. 02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,117.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और बैंकिंग सेक्टरों ने बाजार पर दबाव बनाया। मीडिया, धातु, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों में तेजी रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर लगभग सवा प्रतिशत टूटा। भारती एयरटेल और अडानी पोर्ट्स में भी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति



सुजुकी, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सवा प्रतिशत के आसपास चढ़े। टाटा स्टील में भी करीब एक फीसदी की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त में रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया कराएगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा कि एक नए हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है। इससे सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

## सोना 1.36 लाख पार, चांदी भी 2.09 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,163 रुपए बढ़कर 1,36,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले सोमवार को ये 1,33,970 रुपए पर था।1 किलो चांदी की कीमत भी 1,523 रुपए बढ़कर 2,09,250 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोमवार इसकी कीमत 2,07,727/किलो थी। दस दिन में चांदी 23,762 रुपए महंगी हुई। 10 दिसंबर को इसकी कीमत 1,85,488 रुपए प्रति किलो थी। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है, जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है।

# चावल, गेहूं, दालें हुई मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों में भी मजबूती देखी गई। चीनी के दाम लगभग अपरिवर्तित रहे। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की कीमत आठ रुपये और मसूर दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 51 रिंगिट चढ़कर 4036 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 प्रतिशत टूटकर 48.99 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 42 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 31 रुपये और सरसों तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल और मूंगफली तेल 17.17 रुपये महंगे हुए। पाम ऑयल की कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में भी टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7819.75 रुपये, मसूर काली 8168.89 रुपये, मूंग दाल 10103.52 रुपये, उड़द दाल 10377.66 रुपये, तुअर दाल 10599.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2861.69 रुपये और चावल 3866.57 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3294.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एसआईआर वोटर...** करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा। 1 बंगाल में सबसे ज्यादा 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान की एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और आलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फार्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुड्डुचेरी में ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। यहां सबसे ज्यादा नाम पुड्डुचेरी जिले में हटे, जबकि कराईकल, माहे और यानम में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। लक्षद्वीप मे 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। तमिलनाडु में यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। गुजरात में राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं।

**यूपी टीईटी...** लिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में 28 और 29 जनवरी को परीक्षा करा पाना संभव नहीं था। ऐसे में टीईटी की नई तारीख घोषित की जाएगी। आयोग मई के मध्य में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा है। कोई रुकावट नहीं आई तो 17 एवं 18 मई को टीईटी का आयोजन कराया जा सकता है।

**सहारनपुर के...** पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो पांच लाशें पड़ी थी। सभी के शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। पुलिस की जांच में सभी की मौत दम घुटने से आई है। पुलिस ने शेखपुरा कदीम में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। ठेकेदार नूर और सोनू दोनों सगे भाई हैं। नूर की शादी पांच महीने पहले हुई थी, जबकि सोनू की करीब तीन साल पहले हुई। कोई बच्चा नहीं है। इनके दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो गई। माता-पिता हैं। रोशनपाल और रामकुमार जीजा-साला है। इनमें रोशनपाल रामकुमार का साला हैं। रोशनपाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो लड़की हैं, जिनके नाम प्रियंका, नेहा है, जबकि बेटा नरेंद्र है। प्रियंका की शादी हो चुकी है। रामकुमार तीतरों के गांव महमूदपुर का निवासी है। फिलहाल थाना सदर बाजार क्षेत्र में गलीरा रोड पर रहता था। इसके भी तीन बच्चे हैं। मदनपाल के दो लड़की हैं, जिनके नाम स्वाति व नैंसी है, जबकि बेटे का नाम नवीन है। मदनपाल की रात ही परिवार में बात हुई थी। क्योंकि उनके चाचा के लड़के को कुछ दिन पहले ही बेटा हुआ था। एक-दो दिन में आने के लिए बोल रहा था।

# राजभवन में मोती की खेती का शुभारंभ

## राज्यपाल आनंदी पटेल ने पर्लफॉर्मिंग परियोजना शुरू की

लखनऊ, वार्ता

किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि- कें. द्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व



लाभकारी नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान जेपी पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रालि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है।

# महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को बंगलादेश से मिली, उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें कहा गया है कि वहां हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं।

सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि यह मुद्दा 'गंभीर' है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश से आने वाली खबरें, जिनमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं, अत्यंत विचलित करने वाली हैं। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे को बंगलादेशी अधिक. ारियों के साथ उठाने में नैतिक दुविधा का सामना करता दिख रहा



है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं। कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की कथित चुप्पी को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। एक बयान में भाजपा प्रवक्ता मंजूर भट्ट ने उमर अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए।

# घने कोहरे में बाइक बुग्गी में घुसी, एक की मौत

## एक माह पूर्व हुई थी मृतक विनय की शादी, पत्नी गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** घने कोहरे के चलते एन-एच 58 व कस्बे गांव के मुख्य मार्गो पर आये दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। हालांकि कोहरे से पहले भी कई दर्दनाक हादसों में कई लोगों की जाने गयी, लेकिन कोहरा पडते ही वाहन आपस में टकराने लगे हैं।

मंगलवार को भी बरला - बसेडा मार्ग पर घने कोहरे के कारण एक बाईक ने बैल बोगी में जोर से टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो ओर उसकी पत्नी घायल हो गई। युवक की एक माह पूर्व ही शादी हुई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बैल का पैर टूट गया ओर बोगी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ओर उसकी पत्नी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

कोतवाली सदर के गांव लकडसंधा निवासी 24 वर्षीय विनय की शादी एक माह पूर्व थाना पुरकाजी क्षेत्र के गांव मांडला से वंदना के साथ हुई थी। मृतक मंगलवार को सुबह नौ बजे अपनी पत्नी को बाईक से लेकर गांव वापस जा रहा था जब वह बरला बसेडा मार्ग पर राजबाहे के निकट पहुंचा तो बरला निवासी किसान तस्सावर त्यागी बैल बोगी लेकर खेत में जा रहा था।

घने कोहरे के कारण बाईक सवार युवक को बैल बोगी दिखाई नहीं दी ओर बाईक उससे टकरा गई जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ओर उसकी घायल पत्नी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। इस घटना से ग्राम लकडसंधा में शोक छा गया है। बता दें कि घने कोहरे के चलते आये दिन दुपहिया व चौपहियां वाहन आपस में टकरा रहे है और कई घटनाएं तो ऐसी हुई तेज गति से आये वाहन की आगे चल रहे वाहन से भिड़ंत हो गई। कई घटना ऐसी देखना को मिली जहां बाइक सवार बुग्गी से टकरा गया और उसकी जान चली गई। भोपा रोड पर भी एक हादसा ऐसा हुआ कि कार घने कोहरे के चलते एक दुकान में घुस गई जिससे कई लोगों को चोटे आयी। कुल मिलाकर घने कोहरे में हो रही दुर्घटनाएं तेज रफ्तार के कारण भी हो रही है। हालांकि पुलिस प्रशासन दुर्घटनाएं रोकने के लिए सड़कों पर लगे डिवाईडर व कट को चिन्हित कर रहे है और जिन स्थानों पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं हुई, उनको भी चिन्हित किया गया है।

# एसपी क्राईम की टीम ने तीन करोड़ की ठगी का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में ही नहीं कई जनपदों में साइकर क्राईम की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। साइबर ठगी का शिकार कई रिटायर्ड अधिकारी व कर्मचारी भी हो चुके हैं। पुलिस घटनाओं का लगातार खुलासा कर रही है, लेकिन नटवर लाल बार-बार घटनाएं कर रहे हैं। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसपी क्राईम साइबर ठगों को लगातार जेल भेज रही है। हाल में भी साइबर क्राईम पुलिस ने तीन करोड से अधिक की धोखाधडी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी ने पीडित से पहले दोस्ती की और विश्वास जीतकर उससे करोडो की ठगी कर ली।

पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्वार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 9 अक्टूबर को नई मंडी निवासी सचिन कुमार ने साइबर थाने की पुलिस को सूचना देकर बताया था कि फेसबुक से एक व्यक्ति ने उससे दोस्ती की और रूपया निवेश करने और ज्यादा लाभ दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद एक के बाद उसके साथ ठगी की वारदात हुई और दोस्ती करने वाले व्यक्ति ने उससे तीन करोड 9 लाख 22 हजार रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमे को दर्ज किया और प्रकाश में आये मौ.माज पुत्र मौ.शब्बर हसन व अमरीश मिश्रा पुत्र त्रिलोकीनाथ मिश्रा को 7 दिसम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसपी क्राईम के निर्देशन में छानबीन कर रहे है थाना साइबर क्राईम ने अपनी विवेचना को आगे बढाया और फरार आरोपियों की गिरफतारी के लिए भागदौड की।

पुलिस ने खालिद पुत्र इनाम.ुलहक निवासी साईपुरम बस्ती बारा.बंकी व हाल गाजीपुर को भी गिरफ्तार किया गया जहां उनके फरार साथी के नाम उपेन्द्र चन्देल निवासी खंडजा कल्याणपुर कानपुर है। उन्हे यह भी जानकारी दी कि जब पकडे गये आरा.ेपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया



कि बाबू बनारसी यूनिवर्सिटी से उसने ग्रेजुएशन की है और जब नौकरी नही लगी तो उसकी मुलाकात सार्थक निवासी बारंबकी से हुई। साथ इन्वेस्ट के नाम से पैसे का लेन-देन करता था उसने सात माह तक उसके साथ 40 लाख रूपये का लेन-देन किया लेकिन उसके पैसे हडप लिये गये। उन्होंने जानकारी दी कि यह एक बहुत बडा गिरोह है जो नेपाल, कम्बोडिया, चीन, सिंगापुर और भारत में रहकर लोगों के साथ फ्रोड करते है। पकडे गये आरोपी ने बताया कि वह अब तक 50 से ज्यादा खाताधारकों से लेन-देन कर चुका है और खाताधारकों को वह 2 प्रतिश कमीशन देता था। एसपी क्र्इम ने यह जानकारी कि दी इस प्रकरण में वह करीब 50 लाख रूपये फ्रिज कराकर पीडित को वापस करा चुके है। इस गिरोह के खिलाफ तमिलनाडू, दिल्ली, महाराष्ट्र में मुकदमे दर्ज है।

# अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगाई फांसी

**मुजफ्फरनगर।** मौहल्ला जनकपुरी में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जनकपुरी निवासी रिंकू पाल उम्र 20 वर्ष मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था, मंगलवार को रिंकू पाल के घर में उस समय कोहराम मच गया जब रिंकू को घर में गंभीर हालत में देखा तुरन्त ही उसको जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने रिंकू पाल को मृतक घेषित कर दिया। डाक्टरों का कहना था कि मृतक ने फांसी लगाकर जान दी है। घटना के पीछे क्या कारण ये तो अभी सामने नही आ सका, फिलहाल लोगों में चर्चा है कि मृतक किसी बात को लेकर मानसिक रूप से परेशान था। रिंकू का बडा भाई भी मेहनत मजदूरी करता है और रिंकू की मौत के बाद परिवार में को.हराम मच गया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार हुआ घायल

**बुढ़ाना।** शामली के बडे बाजार का रहने वाला अनुपम बाइक द्वारा शामली से मेरठ जा रहा था। फुगाना गांव के पास उसकी बाइक कार की चपेट में आ गई। इस घटना में अनुपम बाइक सहित सडक पर गिरकर घायल हो गया। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने अनुपम व उसकी बाइक को संभाला। घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी गई। घायल अवस्था में अनुपम को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी।



पुरकाजी:पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में सम्मानित बच्चे।

# गली के कुत्तों को ज़हर देकर मार डाला, 8 की मौत

**खतौली।** शहर के लाल मोहम्मद मोहल्ले में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात लोगों ने गली के आवारा कुत्तों को ज़हर देकर मार डाला। इस हृदयविदारक घटना में अब तक आठ कुत्तों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि चार अन्य कुत्ते गंभीर अवस्था में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और रोष का माहौल व्याप्त है। सूचना मिलते ही एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गली-मोहल्लों में तड़पते कुत्तों को देखकर हर कोई व्यथित हो उठा। संस्था की टीम ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को तत्काल उपचार के लिए पशु चिकित्सालय भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को मौके पर बुलाया गया और पूरे घटनाक्रम को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था ने बताया कि कुत्तों को ज़हर देकर मारना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत गंभीर व दंडनीय अपराध है, जिसमें दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। घटना के समय अखिलेश पंडित, अनमोल रावत, विकास शर्मा और अभिनव भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने पूरी घटना अपनी आंखों से देखी और संस्था को हरसंभव सहयोग प्रदान किया। स्थानीय लोगों ने इस अमानवीय ख्रत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था ने प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों की जल्द पहचान कर उनके विरु) सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही संस्था ने आम नागरिकों से अपील की है कि कहीं भी पशुओं के साथ क्रूरता या हिंसा की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस, नगर प्रशासन या किसी पशु कल्याण संस्था को अवगत कराएं। पशु भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके जीवन की रक्षा करना हम सभी का नैतिक व संवैधानिक दायित्व है।



# पी एम श्री राजकीय इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में चेयरमैन जहीर फारूकी को किया गया सम्मानित

**पुरकाजी।** बाहर हदूद पी एम श्री राजकीय इंटर कालेज के आज वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन जहीर फारूकी को जिला विद्यालय निरीक्षक गुप्ता और कोलिज की प्रधानाध्यापक प्रीति चौधरी द्वारा अतुलनीय सहयोग करने पर प्रशंसनीय पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि ललित मोहन गुप्ता ,डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटर अलका वर्मा, ने राजकीय इंटर कॉलेज को शुरू कराने से लेकर उसमें जनसहयोग से फर्नीचर देने कम्प्यूटर देने और 50 से अधिक कैमरे लगवाकर यहां बोर्ड परीक्षा सेंटर शुरू करवाने एवं जनपद में नम्बर एक पर इस कोलिज को लाने के लिए जहीर फारुकी के सहयोग की जमकर प्रशंसा की चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हुए सभी कार्यक्रमों की तारीफ करते हुए कहा कि किसी भी चीज का परिणाम बताता है कि उसके लिए कैसी मेहनत की गई है आज कोलिज का हर शिक्षक और यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राये आत्मबल से भरे हुए हैं इसका श्रेय प्रधानाध्यापक प्रीति चौधरी को जाता है इतना अनुशासित और हाईटेक कोई दूसरा राजकीय इंटर कॉलेज नहीं होगा सभी पढ़ने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर तरह से तैयार रहने का वादा किया। मुख्य अतिथि जाहिर फारूकी जी ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे शिक्षकों को पूर्ण सहयोग दें तथा शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों के भविष्य को सँवारने में सहभागी बनें। उन्होंने यह इच्छा भी व्यक्त की कि पुरकाजी ब्लॉक के अधिक से अधिक विद्यार्थी यूपीएससी, पीसीएस एवं न्यायिक सेवाओं जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करें, जिससे उनका भविष्य और अधिक उज्ज्वल हो सके। इसी क्रम में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा जिला एवं बोर्ड परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 11,000 तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा भी की।इसी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को उनकी उत्ख्रष्ट प्रस्तुतियों एवं उपलब्धियों के लिए विभिन्न पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।अंत में सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापक प्रीति चौधरी ने बताया कि दूर से पढ़ने आने वाले बच्चों के खाते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खाते से सीधे 6 हजार रूपये वार्षिक आया करेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकीय हाई स्कूल हरिनगर के प्रधानाचार्य राजेंद्र नारंग, राजकीय हाई स्कूल जट मुझेड़ा की प्रधानाचार्य नमिता सिंह, राजकीय हाई स्कूल जघेरी की प्रधानाचार्य अंशु सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संजय भटनागर सुभाष चंद्र , अशोक वर्मा वैदिक पुत्री पाठशाला से सेवानिवृत्त अनीता कपिल , डा. संगीता कपिल , पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखनौती के प्रधानाचार्य मनीष गोयल सनशाइन एकेडमी के प्रधानाचार्य सतविंदर बेदी , लाला सुखलाल इंटर कॉलेज से शर्मा तथा गुड मर्क्षनिंग पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भानु शर्मा सहित पुरक.ाजी ब्लॉक के अनेक सम्मानित प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में बढ़ती कुरीतियों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया तथा भविष्य में ऐसी बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान की गई। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का न केवल मनो.रंजन किया, बल्कि सामाजिक चेतना भी जागृत की। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावकों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली।

मंच संचालन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी श साक्षी देशवाल जी द्वारा अत्यंत कुशलता एवं आत्मविश्वास के साथ निभाई गई। वहीं बरखा बंसल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों तथा उपलब्धियों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया।

# बिराल में पहली बार मनाई चरण सिंह जयंती

**बुढ़ाना।** गांव बिराल में पहली बार दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा एक स्थान पर एकत्रित होकर देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गयी। सभी ने यहां पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया और उनके पदचिन्हों पर भी चलने का संकल्प लिया। इस दौरान यहां पर दर्जनों ग्रामीणों में मुख्य रुप से ठाकुर अंकुश प्रताप सिंह, ठाकुर मदन सिंह, ठाकुर अमरीश सिंह, ठाकुर सतबीर सिंह, ठाकुर विजय सिंह, ठाकुर मुकेश सिंह, सतीश सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, राजीव सिंह और अन्य ग्रामवासियों की भी उपस्थिति रही। इस दौरान मिष्ठान का भी वितरण किया गया।



## बांग्लादेश के विरोध में क्रांतिसेना का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित बर्बर हत्या तथा वहां हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सोमवार को क्रांतिसेना के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। जिलाप्रमुख मुकेश त्यागी एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रकाश चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के चित्रों पर जूते-चप्पल बरसाते हुए उन्हें आग के हवाले किया और बांग्लादेश विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, बहन-बेटियों की अस्मिता पर हमले किए जा रहे हैं और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनका कहना था कि इन घटनाओं पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्याप्त आवाज नहीं उठ रही है।



यज्ञ हवन कर भारत रत्न चौ.चरण सिंह को श्रद्धांजलि देते किसान प्रतिनिधि।

# चौ.चरण सिंह को याद कर भावुक हुए मौजूदा किसान जनप्रतिनिधि

**मुजफ्फरनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती के अवसर पर जाट महासभा के तत्वावधान में सर्कुलर रोड स्थित चौधरी चरण सिंह चौक पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के उपरांत जननायक चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन, विचारों और किसान हित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। जाट महासभा अध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण , सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसान, मजदूर, गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज किसान जिस सम्मान, आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ खड़ा है, उसकी मजबूत नींव चौधरी चरण सिंह की नीतियों, संघर्ष और दूरदर्शी सोच से रखी गई। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23 दिसंबर 1902 को मेरठ जनपद के एक साधारण किसान परिवार में जन्मे चौधरी चरण सिंह ने स्वतंत्रता के बाद देश में जमींदारी उन्मूलन, किसान कर्ज मुक्ति कानून और भूमि हदबंदी जैसे ऐतिहा.सिक सुधार लागू कर सामाजिक न्याय की नई इबारत लिखी। वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, वित्त मंत्री, उपप्रधानमंत्री तथा वर्ष 1979 में देश के प्रधानमंत्री रहे। नाबार्ड, मंडल आयोग एवं अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना उनके दूरदर्शी नेतृत्व और किसान केंद्रित नीतियों का प्रतीक है। कार्यक्रम में महासचिव जयवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमकार अहलावत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विराज तोमर, कोषाध्यक्ष राकेश बालियान, बिटू सिखेड़ा, युवा जिलाध्यक्ष राहुल पवार, नगर अध्यक्ष रमेश बालियान, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र राठी, अनुज बालियान सहित बड़ी को आत्मसात करने का संकल्प दोहराया। संख्या में जाट महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जाट महासभा मुजफ्फरनगर ने चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों, सिद्धांतों और किसान हितैषी नीतियों को दो.हराया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह चौक के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले चरथावल विधायक पंकज मलिक, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप,अधिवक्ता ज्ञान कुमार को जाट महासभा की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर न सम्मानित किया गया।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने किया चौधरी चरण सिंह को नमन

**मुजफ्फरनगर।** लोकदल कार्यालय पर किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। रालोद जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पद और सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर चलने वाले नेता थे। उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी चरण सिंह सर्व समाज के सच्चे, ईमानदार और सिद्धांतवादी नेता थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के दिखाए मार्ग पर चलने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रालोद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने जननायक के जीवन और संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीमार के रूप में विजय हिन्दुस्तानी ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** औद्योगिक इकाइयों में प्रतिबंधित प्लास्टिक,रबर, टायर व कचरा जलने से फैल रहे प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों ने हुंकार भरते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

मंगलवार को नगर व आस पास के ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्रों में खुलेआम प्लास्टिक, रबर, टायर तथा दिल्ली से आ रहे आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) को जलाया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का सीधा उल्लंघन है। इस जहरीले कचरे के जलने से निकलने वाला धुआं आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।

ज्ञापन में कहा गया कि वायु प्रदूषण के कारण दमा, टीबी, फेफड़ों से संबंधित बीमारियां, आंखों में जलन, त्वचा रोग तथा कैंसर जैसी घातक बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन प्रशास.निक लापरवाही के चलते अवैध गति.विधियां लगातार जारी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन पर रोक नहीं लगाई गई तो जनपद की स्थिति



अत्यंत भयावह हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। उन्होंने मांग रखी कि जनपद में प्लास्टिक व रबर जलाने पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। दोषी कबाड़खानों, फैक्ट्रियों व व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीमें बनाकर नियमित छापेमारी कराई जाए। उन क्षेत्रों की सूची सार्वजनिक की जाए जहां इस प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं। ज्ञापन में कहा गया कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो नागरिकों को जन आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रशासन से मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की मांग की गई





मुजफ्फरनगर:रालोद कार्यालय पर चौ.चरण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते अनुयायी।

# प्रदूषित कचरा रोकने हेतु डीएम ने गठित की कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पेपर मिलों में आरडीएफ की आड में नगर पालिक.ाओं का प्रदूषित कचरा जलाकर वायु प्रदूषण फैलाये जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कचरे की मॉनिट्रिंग हेतु एक कमेटी का गठन किया है। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर, सीओ मंडी, मन्सूरपुर, सिखेडा व नई मंडी के थाना प्रभारी, सहायक उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ए.आर.टी.ओ तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालि.का को शामिल किया गया है जो पेपर मिलों में आने वाले आरडीएफ वाहनों का परीक्षण करेगी तथा अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को देगी। इस कमेटी के गठन पर भाकियू अराजनैतिक के नेता धर्मेन्द्र मलिक और कुशलवीर सिंह ने कहा कि आन्दोलन के कारण ही पेपर मिलों ने प्रदूषित कचरा नही जलाया जिस कारण एक्यूआई स्तर 400 से घटकर 174 पर आ गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी को भी वायु प्रदूषण नही फैलाने देंगे। साथ ही उन्होंने पेपर मिल एसोसिएशन को खुली चुनौती दी कि उन किसान नेताओं के नाम उजागर करेंगे जो फैक्ट्रियों में कूडे की सप्लाई देते है।

## कक्षा 8 तक के विद्यालयों में आज ठंड की छुट्टी

**मुजफ्फरनगर।** ठंड को दृष्टिगत रख जिलाधिकारी ने कक्षा 8 तक के विद्यालयों में 24 दिसम्बर का अवकाश घोषित किया है। बीएसए ने आदेश जारी कर कहा कि अवक.ाश केवल बच्चों के लिए है। शिक्षकों को स्कूलों में जाकर अन्य कार्य करने होंगे।

# वकीलों ने मनाई चौधरी चरण सिंह की जयन्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय में सभी अधिवक्ताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ में मनाई। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने बार प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और संचालन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासि. चव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर एडवोकेट के द्वारा किया गया। यहां पर कई अधिवक्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के कार्यों की प्रशसा की गई।



समारोह में अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रुप से पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी, पूर्व महासचिव बिश्वास त्यागी, एसपी मलिक, रविंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा, फिरोज मंसूरी, शौ सिंह राणा, योगेश सैनी, अवध बिहारी लाल गर्ग, शाहनवाज कुरैशी, आबाद कुरैशी, मौहम्मद मियां रिजवानी, अलीम सिद्दीकी, इलियास सैफी, संजय त्यागी और विकास त्यागी आदि सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

# उन्नतशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**मीरापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र चित्तौड़ा में किसानों के मसीहा एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के उन्नतशील किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. यशपाल, डॉ. रीना, डॉ. पूजा एवं डॉ. सौम्या पांडे ने किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कुतुबपुर से डॉ. रवि शर्मा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किसानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बिजली बिल राहत शिविर का हुआ आयोजन

**जानसठ ।** क्षेत्र के गांव सादपुर में राहत बिद्युत बिल शि. विर का आयोजन जेई संजय कुमार के नेतृत्व में किया गया।

मंगलवार को ग्राम सादपुर में सरकार की ओर से बिजली उपभोकताओं को बिजली के बिल में राहत प्रदान की जा रही है उसी को लेकर इस माह भी जे ई संजय कुमार के नेतृत्व में बिजली बिल राहत कैंप का आयोजन कर उपभोकताओं को बिजली के बिल में व सरचार्ज में छूट प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन किया गया। तो वही जेई संजय कुमार अपनी टीम को साथ लेकर गांव में बकाया उपभोकताओं के यहां जाकर उनको बिजली बिल में राहत के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। और उनके बिल नंबर को पोर्टल पर डसलर कर छूट कर बारे मे बताया और उनको बिल जमा करने के लिए कहा। बकाया विद्युत उपभोकताओं ने भी केम्प में पहुंचकर अपने बोल व छूट के बारे मे जानकारी ली और छूट का लाभ उठा कर बिल जमा करने का काम किया।

तो व ही जे ई संजय कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा दी जा रही सर चार्ज में छूट वे बिल में छूट का लाभ उठाकर तुरंत एक मुस्त या फिर किस्तों मे अपने बिल का भुगतान तुरंत कर छूट का लाभ उठाए, और बकाया बिल को उपभोकता जाम करा दें। इस दौरान मुख्य रूप से जे ई संजय कुमार, जाकिर हुसैन, मुकेश कुमार, टीटू व संविदा स्टाफ मौजूद रहा।

# शराबी निकला बैंक क्लर्क अधिकारी को भेजी रिपोर्ट

**भोपा।** जिला सहकारी बैंक शाखा के क्लर्क द्वारा शराब पीकर ग्राहकों के साथ की गई अभद्रता के बाद पुलिस द्वारा कराए गए मेडिकल में शराब पीने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने उसकी रिपोर्ट सचिव को भेज दी है।

भोपा गांव मे स्थित जिला सहकारी बैंक की शाखा में बीते सोमवार को कुछ उपभोक्ताओं ने बैंक क्लर्क पर नशे की हालत में उनके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक संजय कुमार से शिकायत की थी। जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने थाने पर शिकायत की।प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने कार्रवाई करते हुए आरोपी क्लर्क को हिरासत में लेकर भोपा अस्पताल मे मेडिकल कराया।जहां डा. अदनान ने बैंक क्लर्क की रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि की है। शाखा प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट सचिव को भेज दी गई है।

# कुतुबपुर में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ''प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना, उनका त्वरित समाधान करना तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता उपस्थित रहीं। ग्राम पंचायत कुतुबपुर में तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में राजस्व, विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें भूमि संबंधी, राशन, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया, जबकि शेष मामलों में शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया। इस दौरान नायब तहसीलदार अजय सिंह, संजीव शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव विनय शर्मा, लेखपाल अरुण, गुलजार, जफ्फू मिस्त्री, साबू, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहित, रवि, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# किसान सम्मान दिवस पर प्रगतिशील किसानों को किया गया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** कृषि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत भारत रतन चौधरी चरण सिंह की याद में 23 दिसंबर 2025 को किसान सम्मान दिवस का आयोजन नुमाईश मैदान में किया गया जिसमे लगभग 650 कृषकों ने प्रतिभाग किया। लोक गीतों के साथ चौधरी साहब को याद किया गया । कार्यक्रम का संचालन उप कृषि नि. देशक प्रमोद सिरोही द्वारा किया गया एव मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल उपस्थित रहे । गन्ना विभाग के वैज्ञानिक ने किसानो को उत्तम खेती प्रणाली से खेती करने के तौर तरीके बताये । जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा किसानों को केले की खेती कर उससे अत्यधिक मुनाफा कमाने के विषय में जागरूक किया गया । कृषि विभाग मुजफ्फरनगर द्वारा ग्रामीण युवा कौशल विकास पर लिखी गई पुस्तक का विमो. चन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एव जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया ।गेहूं, सरसों, धान, उर्द, प्राकृतिक खेती ,मिलेट्स आदि में उत्तम कार्य करने वाले किसानों प्रमाण पत्र एव शॉल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया ,जिसमे प्रगति शील कृषक अरविंद मालिक,ध्यान सिंह, माया, प्रदीप शर्मा, धीरदत्त , सुखपाल जी, हरिओम , भोपाल आदि रहे । किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, मीनाक्षी स्वरूप , ब्लॉक प्रमुख जानसठ नरेन्द्र सिंह , धर्मेंद मलिक, डॉ राम बरन सिंह, अवनीश श्रीवास्तव , राहुल तेवतिया जिला कृषि अधिकारी ,सचिन कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ ,देशपाल ,संजीव , अखिल आदि उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह सप्ताह पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** सुशासन सप्ताह के अवसर पर आज दिनांक 23 दिसम्बर जनपद में एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वद्द प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन में लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज परिसर में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी श्री दिग्विजय नाथ तिवारी द्वारा की गयी। कार्यशाला में जनपद स्तरीय समस्त अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्री दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राजेश श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्दीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती रेणु श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश शर्मा द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यशाला के दौरान टपेपवद / 2047 के अंतर्गत भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं द्वारा यह बताया गया कि किस प्रकार सुशासन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्देश्य पंचायत स्तर पर बेहतर प्रशासनिक कार्य, पारदर्शिता एवं जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों का उत्साहवर्धन करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के उपलक्ष्य में काव्य पाठ, भाषण एवं देशभक्ति गीतों की मनमो. हक प्रस्तुतियाँ दी गयीं, वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन का मूल उद्देश्य पारदर्शी, उत्तरदायी एवं संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार, डॉ. रणवीर सिंह एवं आशीष द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से कुशलता एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया।

# मौहम्मदपुर रायसिंह में प्रमुख ने बांटे गर्म कंबल



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर राय सिंह में आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने अपने आवास पर एक भव्य टैंट लगाकर देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन हजारों लोगों की मौजूदगी में मनाया। यहां पर सबसे पहले यज्ञ हवन किया गया। उसके बाद गर्म हलवे का वितरण किया गया। उसके बाद चौधरी चरण सिंह के बड़े चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक जनसभा आयोजित की गयी। जिसमें दर्जनों वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रोग्राम के आयोजक पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि चौधरी साहब व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक विचारधारा थे। उनके सम्मान में जितना भी कहा जाए वो कम है। उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हित में लगा दिया। उन्होंने जमीदारें का खात्मा कर गरीबों को जमीनी हक दिया। नागपुर में कांग्रेस के अधिवेशन में वे बेबाक बोले और अपने लोगों के हितों की बातें मनवाई। यहां पर पूर्व प्रमुख ने दो हजार खूबसूरत गर्म कंबल भी बांटे और चौधरी चरण सिंह के कार्यों को याद किया। इस दौरान सुभाष मलिक, सोनिया पंवार, ठाकुर पिंटू,जितेंद्र मलिक, जितेंद्र मलिक प्रधान आदि हजारों ग्रामीण मौजूद थे। यहां पर रालोद जिंदाबाद और चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद के अलावा चौधरी चरण सिंह अमर रहे और चौधरी अजीत सिंह अमर रहे के भी नारे गर्मजोशी के साथ ग्रामीणों के द्वारा लगाए गये। यहां गर्म कंबलों को लेने के लिए एक बार जबरदस्त अफरा तफरी भी मची। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भौरांकला पुलिस भी तैनात रही।

## भारी भीड़ ने जब प्रमुख के लिए की टिकट की मांग

**बुढ़ाना।** चौधरी चरण सिंह जयंती मनाने के दौरान हजारों ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि विनोद मलिक आप बुढ़ाना विधानसभा से रालोद के टिकट पर चुनाव लड़ो। वे आपको तन मन धन से जिताने का काम करेंगे। इस बार हम किसी ओर को रालोद से टिकट लेने नहीं देंगे क्योंकि आप ही बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की जनता का ख्याल रख रहे हैं जबकि जीते प्रतिनिधि उनकी सुध तक नहीं लेते। जिस पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपने आप को रालोद के टिकट का दावेदार बताया और कहा कि जो भी चौधरी जयंत सिंह आदेश करेंगे उसका पालन किया जाएगा।

# वैल्ली में मनाई गयी चरण सिंह की जयंती



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम वैल्ली में आज मंगलवार के दिन सैंकड़ों ग्रामीणों ने एक स्थान पर किसानों के मसीहा और भारत रत्न से पुरुस्कृत देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन बडी ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान युवा रालोद नेता संयम पंवार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत के किसान राजनेता एवं पांचवें तथा दूसरे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद बीती 28 जुलाई सन 1979 से बीती 14 जनवरी सन 1980 तक संभाला। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। बीती फरवरी 2024 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद नियम पंवार, तेज सिंह, देवेंद्र कुमार, राहुल पंवार, शौ बीर सिंह, बिजेंद्र पंवार, अंकित पंवार, परमिंदर पंवार, राजबीर उर्फ राजू औय नरेश पहलवान सहित दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नाटिकाओं से सजा सेंट जेवियर्स का क्रिसमस उत्सव




**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शोभित विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर प्रोफेसर डॉ. जयानंद तथा खतौली स्थित सेंट थॉमस स्कूल के प्रबंधक फादर जोसेफ उपस्थित रहे।डॉ. जयानंद ने अपने संबोधन में प्रेम, बंधुत्व और मानवता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यीशु मसीह ने प्रेम की ज्योति फैलाने के लिए इस धरती पर अवतार लिया और हमें उसी प्रकाशमय मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं फादर जोसेफ ने विद्यार्थियों को घर व विद्यालय में अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से पालन करने का संदेश दिया तथा बच्चों में सम्मान, संस्कृति, प्रेम और संवेदनशीलता के गुणों के विकास पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य एवं लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। ब्रेनवेव परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अंशिका 97 प्रतिशत, आस्था सिंह 93 प्रतिशत, काव्या बालियान 90 प्रतिशत और मानवी 87 प्रतिशत को नकद पुरस्कार, स्मृति-चिह्न एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा लगाए गए विविध व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्य सजी वर्गिस ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। प्रबंधक शालविक जैन सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की उपस्थिति ने समारोह को और भी यादगार बना दिया।

# बसेडा बिजलीघर पर भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी

**छपार।** बसेडा बिजलीघर पर भाकियू टिकैत के धरने के दूसरे दिन एसडीओ धरना स्थल पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपने बीच बैठा लिया। दुगने बिल से परेशान किसानों किसानों की समस्या का कोई हल नहीं निकल सका। मूलधन पर छूट किसानों को मिल नही रही कुछ कनेक्सन होल्ड हो रहे हैं जिनका कोई भी समाधान नही हो सका इसलिए धरना जारी रहेगा।भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्याओं को लेकर सोमवार को बिजलीघर पर धरना शुरू किया था।कोई अधिकारी मौके पर न पहुंचने के कारण धरना अनिश्चितक. ालीन शुरू कर दिया। मंगलवार को एसडीओ पुरकाजी कपिल मुनि धरनास्थल पर पहुंचे ओर किसानों के बीच बैठकर बिजली के गलत बिलों को ठीक करने लगे और शाम तक किसानों ने उन्हें बीच में ही बैठाये रखा। युवा ब्लाक अध्यक्ष बिटू का कहना है कि जब सभी कनेक्सन पर 25 प्रतिशत की छूट है तो उपभोक्ताओं को क्यों नहीं दी जा रही जिस पर पर एसडीओ ने कहा ये उनके अधिकार छेत्र में नही तो किसान भड़क गए और धरना स्थल पर नारेबाजी शुरु कर दी ओर धरना जारी रखने की घोषणा कर दी। अनुज राठी, बिटू देशवाल, क"यूम अंसारी, कार्तिक खटाना, रूपेश राठी, प्रमोद, सचिन राठी, विपिन,अशोक बालियान, चंद्र वीर चेयरमैन, मोहसिन सहित सैकडो किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता- पर्यावरण बचाओ, भविष्य बचाओ


मुजफ्फरनगर। एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, के बीबीए विभाग द्वारा आईक्यूएसी सेल एवं ब्रेनिऑक्स क्लब के संयुद्र तत्वावधान में ष्पर्यावरण बचाओ, भविष्य बचाओष विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह, तथा गतिविधि संयोजक डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि ष्पर्यावरण की सुरक्षा ही मानवता की सुरक्षा है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विषय पर बोलते हुए कहा कि आज का छोटा कदम ही कल के सुरक्षित भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन की विस्तृत जिम्मेदारी गतिविधि संयोजक डॉ. संगीता गुप्ता ने निभाई। उन्होंने स्लोगन लेखन की विधा, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता, सामाजिक संदेश और प्रभावशाली प्रस्तुति के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में बीबीए विभाग के सभी सेमेस्टरों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता तथा संवेदनशीलता को. आकर्षक स्लोगन्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। स्लोगन्स में सामाजिक चेतना, रचनात्मक सोच तथा पर्यावरण हितैषी ख्रष्टिकोण का समावेश विशेष रूप से देखने को मिला। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों की रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव प्रेरणादायक हैं। डॉ. संगीता गुप्ता ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को बधाई दी । कार्यक्रम में बीबीए विभाग के सभी शिक्षक दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजार, संजय, अभिषेक, सोनिका, पूवह्न, प्राची, की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। समापन डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर यज्ञ कर प्रसाद वितरण किया

**बुढ़ाना।** कस्बे के चौ चरण सिंह तिराहे पर रालोद के पदाघधिकारी व कार्यकर्ताओं ने यज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री की मूघर्ति पर माल्यार्पण किया गया। यज्ञ के बाद आयोजित गोष्ठी में सभी वकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को किसानों का हितेशी बताया। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगराज घ्घसिंह, बालकिशोर त्यागी, सुरेंद्र सहरावत, सकुल सहरावत व अनुपमा चौधरी मौजूद रही। फुगाना गांव की चौपाल में ग्रामीणों ने यज्ञ का आयोजन किया। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। सभी वकताओं ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री चौ चरण सिंह को गरीबों व किसानों को हमदर्द बताया। कार्यक्रम के बाद आयोजकों ने प्राथमिक विद्यालय फुगाना में विद्यार्घर्थियों को प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान थामसिंह, मुकेश मलिक, कुलदीप मलिक, राजकुमार, पिंटू व स्कूल के प्रधानाध्यापक कुलदीप आदि मौजूद रहे। क्षेत्र के टांडा माजरा, परासौली, डुंगर व खरड आदि गांव में भी रालोद कार्यकर्ताओं ने यज्ञ का आयोजन किया। पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर किसान इंटर कालेज खरड के प्रबंधक नरेंद्र मलिक, घदिल्ली रालोद अध्यक्ष राजनीश मलिक उर्फ पिंकी चौधरी, अमित व विकास मलिक आदि मौजदू रहे।

# भाजपाईयों ने चरण सिंह के चित्र पर पुष्प किए अर्पित



**बुढ़ाना।** भूमि विकास बैंक की शाखा बुढाना में स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रफांजलि दी गई। भूमि विकास बैंक चेयरमैन विनोद सैनी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों किसानों के हित के लिए प्रतिबंध है और किसान हित में जो निर्णय हें वो लेते हैं। भाजपा बुढ़ाना मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा ने स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद भाजपा नेता मुकेश शर्मा ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों की भलाई और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित कर दिया। यहां पर मुख्य रूप से बैंक प्रबंधक राकेश मैथ्यान, एफओ विपिन तोमर, प्रशांत वर्मा, बड़े बाबू प्रशांत, मजनेश सैनी ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अनिल व उसकी पत्नि संगीता व पौत्र देवांश,पौत्री रौनक व मेरी पुत्रीया ममता, विनित और शैली गलत संगत में पड़कर मेरी पत्नि के साथ अक्सर लडाई झगडा व अभद्र व्यवहार रखते है और मुझे व मेरी पत्नि बिमला को कई वर्ष पूर्व घर से निकाल रखा है ये हमारी देखभाल भी नहीं करते इनसे तंग आकर मैने उक्त लोगों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए ये लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**महीपाल सिंह पुत्र रतन सिंह**
**निवासी - ग्राम सिसौली**
**थाना भौराकलां,**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

में श्रीमती जैतून पत्नी फिरोजुदीन निवासी ग्राम भसाना, थाना व तहसील बुढ़ाना जिला मु. नगर की निवासी हूं। मैने अपने पुत्र मौहम्मद उस्मान पुत्र फिरोजूदीन निवासी ग्राम भसाना को, पेपर में प्रकाशन करवाकर दिनांक 27. 11. 2025 नोटिस दिनांक 28. 11. 2025 व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपने व अपने परिवार से बेदखल किया था। अब गांव के प्रधान व गांव के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा मेरा व मेरे पुत्र का आपसी मनमुटाव समाप्त करा दिया गया है। हम दोनो पक्ष उक्त फैंसलेनामे से सहमत हैं। अब मैं बेदखल किए गये अपने पुत्र को पुनः स्वीकारती हूं।

**प्रार्थिया:**
**श्रीमती जैतून पत्नी**
**फिरोजुदीन निवासी ग्राम भसाना**
**थाना व तहसील बुढ़ाना**
**जिला मु.नगर**

वाद के निस्तारण हेतू प्रतिवादीगण की उपस्थिति के लिये समन वास्ते (आदेश 5 कायदा 1 व 5)न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर वाद सं. टी 202509550102722 सन 2025

भागमल पुत्र सेवाराम उर्फ सेवाराज निवासी ग्राम कुटेसरा परगना चरथावल तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर .........वादी बनाम 1. मोहित पुत्र स्व. मांगेराम 2. शेखर पुत्र स्व. मांगेराम समस्त निवासीगण ग्राम कुटेसरा परगना चरथावल तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर ................**प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा-116 उ.प्र.राजस्व संहिता 2006 मौजा-कुटेसरा प्रथम परगना चरथावल आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद के वादी ने आपके विरूद्ध विवादित भूमि के विभाजन हेतू माननीय न्यायालय में योजित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंज्ञात उपस्थित होने के लिये दिनांक 26.12.2025 को दिन के 10.30 बजे नियत करके यह सम्मन प्रेषित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर भी दे सके। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात, उपस्थित नहीं हो सके तो उस दशा में वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष के आधार पर कर दिया जायेगा। आज दिनांक 19-12-2025 को यह सम्मन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी सदर**
**मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई शहजाद पुत्र स्व. जमील मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने-सुनने में नहीं है, आये दिन लड़ाई-झगड़ा करता है और हमें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। मैंने व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों ने शहजाद से पूर्व से ही सम्बंध विच्छेद किये हुए हैं। अपने किसी भी लेन-देन और कृत्य का शहजाद स्वयं जिम्मेदार है, मैं व मेरे परिवार का कोई अन्य सदस्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शमशाद पुत्र स्व. जमील**
**निवासी ग्राम रथेडी, हाल**
**निवासी ग्राम नसीरपुर,**
**थाना नई मंडी,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेवडा विकास खण्ड मोरना, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक - मीमो/विसू / 2025-26 दि0 22.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तेवडा वि0ख0 मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 मे पंचम राज्य वित्त0, 15वां वित्त, ओडीएफ एक प्लस मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले अन्नपूर्णा भवन निर्माण, निर्माण / मरम्मत कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईंट सीमेन्ट बालू रेतु कोरसैण्ड, इण्टरलॉक टाईल्स ,विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, ई-रिक्शा /रेडा ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/ऑफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री,पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज /फॉगिंग व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 30.12.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि 30.12.2025 को 3:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिये सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत तेवडा,**
**वि०ख० मोरना, मु० नगर।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत तेवडा,**
**वि०ख० मोरना, मु० नगर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।**

पत्राक:- 1699 /P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक: 22-12-2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों की सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 02 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 05.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऑफ लाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2025 की प्राप्त: 10:00 से दिनांक 05.01.2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.01.2026 की साय 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगां **कार्य राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

**सहायक अभियन्ता ( निर्माण )**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

# दुल्हन लाखों की संपत्ति लेकर प्रेमी संग फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन एक दुल्हा अपनी बारात ले जाने की तैय्यारी में जोरों शोरों से लगा हुआ था उधर दुल्हन शादी से 12 घंटे पहले ही अपने घर से लाखों रुपये की संपत्ति समेटकर अपने प्रेमी संग फुर्र हो गयी। कस्बे में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के एक युवक की बारात मंगलवार की सुबह समीपवर्ती जनपद के एक कस्बे में जानी थी। इस शादी की सभी तैयारियां पूर्ण हो गयी थी लेकिन बेचारे दुल्हे के अरमानों पर उस समय पानी फिर गया जब उसको पता लगा कि उसकी दुल्हन अपने प्रेमी संग अपने घर से लाखों रुपये की संपत्ति लेकर फरार हो गयी। इस मामले में बारात में जाने वाले बाराती भी पसोपेश में रह गये। उधर फरार दुल्हन के पिता ने वहीं पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते दिन रात्रि के समय उसकी 23 वर्षीया पुत्री को पडौस का लडका आसिफ पुत्र वकील और उसका भाई दानिश बहला फुसलाकर घर में रखी नकदी और जेवर लेकर अपने साथ ले गये हैं। उसकी पुत्री की मंगलवार को बारात आनी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इधर दुल्हा बने युवक ने शादी से पहले ही दुल्हन का प्रेमी के साथ में भाग जाने का मामला जानकर राहत की सांस ली है। लोगों का कहना था कि अगर लड़के की शादी ऐसी लड़की से हो जाती तो ना जाने ससुराल वाले उसके बारे मेंघ क्या क्या सोचते। यह तो गनीमत रही कि लड़की ने अपना रंग रुप पहले ही समाज को दिखा दिया।

## नवयुवती रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**बुढ़ाना।** एक नवयुवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गयी। पीड़ित परिवार की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता नवयुवती की तलाश शुरु कर दी है।

पीड़ित पिता ने एक युवक पर अपनी पुत्री को गायब करने का खुला आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी पुत्री बीती 16 दिसम्बर की अर्ध रात्रि में लगभग 04 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। हम अब तक उसको अपनी रिश्तेदारियों के अलावा अन्य स्थानों पर भी तलाश करते रहे लेकिन उसका अब तक भी कुछ पता नही चल पाया है। उसकी पुत्री की उम्र लगभग 18 वर्ष है और उसे शक है कि उसे मोनू पुत्र श्रीपाल निवासी गांव कुरथल बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उधर बुढाना पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए गायब हुई नवयुवती की सकुशल बरामदगी और आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी।

## बीआरसी पर किया गया प्रशिक्षण आयोजित

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव की अध्यक्षता में आज मंगलवार के दिन समावेशी शिक्षा के अंतर्गत ब्लक्क्क संसाधन केंद्र बुढ़ाना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कक्क लोकेटेड आंगनवाड़ी को दिव्यांग बच्चों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इक्कीस प्रकार की दिव्यांगता की पहचान करने और उनके निदान के बारे में बतलाया गया ताकि बच्चों को उनसे होने वाली दिव्यांगता से बचाया जा सके। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से दिनेश कुमार स्पेशल एजुकेटर, राम भूल सिंह स्पेशल एजुकेटर और उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों मे राखी, पूजा, इमराना, पिंकी, बबीता, सुमन, प्रियंका, नीरज, सोमवती, ममता, पवित्रा, सुशीला और निराला इत्यादि आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

# अब जनगणना की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**मुजफ्फरनगर।** आज जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी ज्योति नामदेव द्वारा वीडियों कान्फेन्सिंग द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों के क्रम में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जनगणना कार्यो की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियों तथा कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े समस्त चार्ज अधिकारियों को जनगणना से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराये गये, जिनमें शासन/भारत सरकार द्वारा निर्गत परिपत्र, समस्त तहसीलों के अद्यतन मानचित्र (मैप), जनगणना अधि. नियम, ग्राम जनगणना रजिस्टर तथा नगर जनगणना रजिस्टर सम्मिलित हैं।

इन अभिलेखों के माध्यम से जनगणना इकाइयों की स्पष्ट पहचान एवं क्षेत्रीय सीमाओं का निर्धारण किया जायेगा, जिससे जनगणना कार्यो का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित हो सके।इसी के साथ समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बरॉ 2025 तक प्रत्येक दशा मे परिसीमन का कार्य पूर्ण कर लिया जाये तथा जनगणना की आगामी कार्यवाही हेतु मास्टर ट्रेनर एवं फील्ड ट्रेनर का चयन कर लिया जाये ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाये। बैठक मे अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों यथा समस्त तहसीलदार एवं अधिशाषी अधिकारी को मुख्यालय एवं सभी चार्जो में जनगणना सेल स्थापित किये जाने के निर्देश दिए।अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना से सम्बन्धित पूर्व तैयारियाँ समय से पूर्ण करने, अधीनस्थ कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये, ताकि जनगणना-2027 का कार्य जनपद में सुचारु, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदेन विद्यालय में 29 वे वार्षिक खेल दिवस

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन विद्यालय में 29 वा दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय के बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कविता मीणा एमडीए उपाध्यक्ष उपस्थित रही। मुख्य अतिथि का अभिनंदन तिलक तथा माल्यार्पण द्वारा किया गया। नन्हे मुन्हे बच्चों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। बच्चों ने ऊंचे ऊंचे पिरामिड बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को खेलों के प्रति सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि कविता मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि शारदेन स्कूल के छात्र सचमुच में एक्टिव छात्र है। इन छात्रों का बलिष्ठ शरीर एवं स्फूर्तिमय शरीर केवल खेलक. ूद द्वारा ही बनता है। यह प्रयास अनवरत रहना चाहिए। विद्यालय निदेशक विश्व रत्न और प्रधानाचार्य धारा रत्न ने सभी का स्वागत करते हुए अन्त में आभार जताया।

### सांसद हरेंद्र मलिक ने परिजनों से मिल जताया शोक



**बुढ़ाना।** कस्बा निवासी पुलिस पीएसी के जवान गुलजार का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस दु:खद घटना की सूचना मिलने पर आज मुज़फ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक दिवंगत जवान के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यकत की। सांसद हरेंद्र मलिक ने दिवंगत पीएसी जवान गुलजार को एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और अनुशासित जवान बताते हुए कहा कि उनके असमय निधन से न केवल परिवार को बल्कि पूरे क्षेत्र और पुलिस विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज़िया चौधरी भी सांसद के साथ मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ज़िया चौधरी ने भी दिवंगत जवान के निधन पर गहरा शोक व्यकत करते हुए कहा कि गुलजार जैसे कर्मठ जवान देश और समाज की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं, उनका इस तरह असमय चला जाना अत्यंत दु:खद है। सांसद एवं जिलाध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शकित प्रदान करने की प्रार्थना की। यहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। जिनमें मौहम्मद आसिफ कुरैशी, तौसीफ राही, इस्लाम सैफी, बाबू राणा, मुफ्ती अब्दुल कादिर क़ासमी आदि लोग मौजूद रहे ।

### अजीज फातिमा हाईस्कूल बुढाना में हुई पी-टी मीटिंग



**बुढ़ाना।** आज मंगलवार के दिन शिक्षण संस्था अजीज फातिमा हाई स्कूल बुढ़ाना में एक पैरेंट्स और टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले अर्ध वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट भी दिखाया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के प्रबन्धक मौहम्मद अहमद ने कहा कि वे अपने बच्चों पर स्कूल के अलावा घर पर भी ध्यान दें। सही खान पान पर भी ध्यान दें ताकि आपके बच्चे सेहतमंद रहें और बच्चों की कामयाबी के लिये जरूरी है कि आप और हम मिलकर काम करें। बच्चों को बुरे माहौल से बचायें। बच्चों पर विशेष ध्यान दें कि वो कहां पर जा रहे हैं और किसके साथ बैठ रहे हैं। कहां खेल रहे हैं। वक्त की अहमियत पर भी ध्यान दें। जैसे स्कूल वक्त पर पहुंचना, वक्त पर सोकर उठना और वकत पर ही सोना जरूरी है। अपने अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। प्रधानाचार्य नूर मोहम्मद ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को गलत सोसायटी में बैठने से रोकें और खास तौर पर लडकियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि लडकी ही परिवार का भविष्य होती है। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ भी मीटिंग में उपस्थित रहा।

### 4 युवकों ने पड़ोसी को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** चार युवकों ने अपने पड़ोसी को अकारण ही मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोनू उर्फ मनोज कुमार पुत्र दरियाव निवासी गांव इटावा ने बुढ़ाना कोतवाली में पुलिस को एक तहरीर के आधार पर बतलाया कि वह बीती 11 दिसम्बर की सायं गांव के श्याम मंदिर पर खड़ा हुआ था। तब मोहल्ले के गोरव, सागर उर्फ कमल, तथा नीरज पुत्रगण अतर सिंह उर्फ अतरा निवासी इटावा तथा विशु पुत्र विजेंद्र निवासी बुढ़ाना ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इससे मुझे मेरे सर पर गंभीर चोटें आई। अब तक मैं इलाज कराता रहा। टाइम मिलने पर पुलिस को सूचना दी। इन लोगों ने जब मेरे साथ मारपीट की थी उसे समय मेरे साथ गांव के ही शोकिन्द्र पुत्र मेघराज तथा सतीश पुत्र दरियाव सिंह मौजूद थे। जिन्होंने घटना देखी तथा मुझे बचाया। फिर भी जाते जाते चारों आरोपी उसे गालियां देते हुए भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जोहड़ में फंसी गाय बड़ी मुश्किल से निकाली

**बुढ़ाना।** योगी शासन में आवारा गायों की कैसी दूर्दशा हो रही है इसकी एक बानगी आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासौली में स्थित एक जोहड़ में देखने को मिली। गाय जोहड़ में किस तरह से गिर गयी यह तो पता नहीं लग पाया था लेकिन चर्चा यही थी कि यह आवारा गाय चारे पानी की तलाश में जोहड़ के किनारे टहल रही थी कि अचानक जोहड में फंस गयी। इसकी सूचना जैसे ही माधव गौशाला परासौली के संचालक और गौरक्षक छोटा सैनी को मिली तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर अन्य गौरक्षकों को फोन कर इसकी सूचना दी। तब मौके पर ट्रेक्टर के सहारे जोहड़ में फंसी गाय को घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उसको गौशाला पहुंचाकर नहला धुलाकर चारा पानी किया। जिसमें गाय में कुछ जान सी आई।

# ठग ने ओनलाइन डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा ठगे

**बुढ़ाना।** एक अज्ञात ठग ने एक ग्रामीण के खाते से लाखों रुपये की नगदी साफ कर दी। अफसरुन पुत्र युसुफ निवासी ग्राम उमरपुर ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरे गांव का लड़का नूर मौहम्मद पुत्र खलील दुबई में जोब करता है तथा अपनी पत्नि व बच्चो के साथ दुबई में ही रहता है। बीती 07 सितम्बर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने नूर मौहम्मद का फोटो फेसबुक प्रोफाईल पर लगाकर मुझसे बात की तथा बताया कि मेरा वीजा खत्म हो गया है। मुझे, मेरी पत्नि व बच्चों को यहां से जेल भेज देंगे। मैं आपको एजेन्ट का नम्बर भेज रहा हूं। आप मेरा वीजा एक्सटेंड करा दोघ। मैं आपको बाद में पैसे भेज दूंगा और मुझे एजेन्ट का मोबाइल नम्बर दिया और व्हाट्स ऐप काल करने को कहा। मैंने उसके झांसे में आकर उसकी मदद करने के उध्देश्य से उसके दिये गये नम्बर पर बात की तो मोबाइल नंबर पर बात करने वाले व्यक्ति ने वीजा के नाम पर अपने दिये गये खातों तथा बार कोड पर बीती 07 सितम्बर से लेकर बीती 08 सितम्बर तक एक लाख 53 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये। जो मैंने अपने स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते से 15 बार में 94 हजार रुपये तथा अपने भाई हारून के स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते से चार हजार रुपये, अपने भाई समून के बैंक आफ बड़ौदा के खाते से 25 हजार रूपये, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के खाते से चार बार में 30 हजार रुपये ट्रांसफर किए। जब मैने नूर मौहम्मद से जानकारी की तो पता चला कि मेरे साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके पैसे ट्रांस्फर कराये है।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी हैं जरूरी: निपेंद्र

**मोरना।** मोरना मे भोपा मार्ग पर स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय प्रकाशवती देवी मेमोरियल वार्षिक खेल उत्सव का समापन मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम राजस्थानी व गुजराती लोक गीतों पर मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच पुरस्कार वितरण के साथ हो गया।

प्रधानाचार्य राजन गौड ने बताया कि खेल महोत्सव में बालिका वर्ग की रिले रेस में मानवी, प्रज्ञा, बुशरा, कनक , 100 मीटर दौड़ में सृष्टि, नित्या, विशु, द्यज़िग ज़ैग और रिंग रेस में अमन,आयुषी, शिवांश, 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में युग, शिवांक व अनुकर्ष तथा द्यबालक बालिका जोड़ी दौड़ में देवांश व यशमी ,कनक व युवराज और नवी व शिप्रा, द्यनींबू चम्मच दौड़ बालक वर्ग में विशेष,अहमद, चिराग द्यतीन चरणों वाली दौड़ में आरनव व हनी ,दीपांशु व हिमांशु व कनिस्क व तनिष्क द्यतथा गुब्बारा संतुलन दौड़ में अवनि , अंशिका व आस्था अव्वल रहे। समापन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक निपेंद्र ने कहा की संस्कार के बिना मानव सेवा सम्भव नहीं है। संसर होंगे तो सम्मान भी होगा। शिक्षा के साथ परिवार के संस्कार भी ग्रहण करें। इस अवसर पर खंड कार्यवाह कविश, ब्लाक प्रमुख मोरना अनिल राठी, पंडित विनोद शर्मा , विद्यालय डायरेक्टर केके शर्मा ,मैनेजर मोहिनी शर्मा, सार्थक शर्मा ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा प्रिंसिपल राजन गौड को इवेंट मैनेजर, शिक्षिका वैष्णवी राजवंशी को इवेंट इंचार्ज, शिक्षक निशांत शर्मा को स्पोर्ट्स मैनेजर , मानवी राजवंशी को गेम कोऑर्डिनेटर और शिक्षिका सारिका शर्मा को भी गेम



कोऑर्डिनेटर, शिक्षिका सुधा भटनागर व नेहा शर्मा को एंकर, शिक्षिका दृष्टि ,सृष्टि एवं मुस्कान को डांस डायरेक्टर, शिक्षिका तनु धीमान को क्राफ्ट एंड डेकोरेशन हेड के रूप में प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# असली ताकत संगठन में ही होती है: कासमी

**बुढ़ाना।** मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी के आवास पर जमीयत उलेमा बुढ़ाना की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें संगठनात्मक कार्यो को सुचारु रूप से संचालित करने व कार्यो को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श हुआ। तहसील जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने कहा कि सबसे पहले हम सबका एकजुट व एक राय होना बहुत जरुरी है। किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक करने को उसके कार्यकर्ताओं की एक विचारधारा व एक मत होना जरूरी है। जमीयत उलेमा हिंद से जुडे इनाम मेहर कुरैशी ने कहा कि यह जमात देश के मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करती है और उत्पन्न होने वाली सब समस्याओं पर समय रहते खड़ी रहती है। चेयरमैन पद के पूर्व उम्मीदवार



नवाब इम्तियाज ने कहा कि हम अपने बुजुर्गो की इस जमात की कद्र करें और इसके कार्यो को अपने निजी कार्यो की तरह ईमानदारी से अंजाम दें। वार्ड 13 के सभासद राशिद भूरू कुरैशी ने कहा कि हमें हर प्रकार के मतभेदों से बचते हुए सूझबूझ के साथ काम करना चाहिए। यहां शाहनवाज़ कुरैशी ने जनरल सेक्रेटरी शहज़ाद असगर कुरैशी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी साथियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। यहां तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी, जनरल सेक्रेटरी शहज़ाद असगर कुरैशी, डॉक्टर इनाम मेहर, नवाब इम्तियाज, राशिद मेम्बर, शाहनवाज़ कुरैशी, हाफिज़ मुरसलीन आदि मौजूद थे।

# मुजफ्फरनगर ग्राम दद्देडू खुर्द में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम दद्देडू खुर्द में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख चरथाव हअल अक्षर पुंडीर और राष्ट्रीय लोकदल के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष संदीप मलिक बिस्मिल्लाह टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक और ग्राम प्रधान पद के भावी प्रत्याशी वरिष्ठ समाजसेवी हाजी आलमगीर के द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व प्रधान मुस्तकीम के नेतृत्व में भारी संख्या में ग्राम वासियों ने चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर और जिला अध्यक्ष संदीप मलिक का भव्य स्वागत किया गया। भारी तादाद में ग्राम वासियों के द्वारा



किए गए भव्य स्वागत से चरथावल प्रमुख अक्षय पुंडीर और राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष संदीप मलिक गदगद नजर आए। हाजी आलमगीर और उनकी पूरी टीम ने चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर और राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष संदीप मलिक वे टूर्नामेंट में आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया। साथ ही टूर्नामेंट में खेल रही टीमों से परिचय कराया। इस अवसर पर हाजी आलमगीर ने कहा कि यह टूर्नामेंट सिर्फ खेल भावना है इससे प्रधानी चुनाव को कोई मतलब नहीं इलेक्शन आते-जाते रहते हैं लेकिन आपस में प्यार मोहब्बत बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने कहा गांव के सभी लोगों को टूर्नामेंट में बढ़-चढ़ का हिस्सा लेना चाहिए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना चाहिए।

## चौधरी चरण सिंह की 123 जयंती धूमधाम से मनाई

**भोपा।** (किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय लोक. दल द्वारा आज बेलडा के सिचाई विभाग के डाख बगले पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया मंगलवार सुबह जयंती समारोह की शुरुआत हवन यज्ञ के साथ हुई इसके उपरांत उपस्थित लोगो को हलवे का प्रसाद बाटा गया लोक. दल के मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर ने किसान मसीहा के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया प्रभात तोमर ने बताया कि अगर हम अपनी जमीन के मालिक बने है तो या खसल का मुल्य दिलाया तो वो सब चौधरी चरण सिंह की देन थी इस मौके बेहडा थूर के प्रधान दिनेश राठी, पूर्व प्रधान बबलू, बिट्टू, अथाई निवासी प्रधान रविन्द्र उर्फ छोटा, धीराहेड़ी निवासी प्रधान ऋषिपाल ,गुलबीर, निरगाजनी रविन्द्र आर्य, पूर्व प्रधान राजकुमार, भोपा निवासी, जगत सिंह, बंटी, सुरेंद्र, आवेश भाई, बेलडा के प्रधान भोपाल सिंह, शुभाश, कय्यूम, लुत्फुर्रह्मान, जवाहर सिंह, मन्वर, राजकुमार, अंगम, साहिल, सतीश, ओमपाल सिंह, अलिजान, आदि मौजूद रहे।

# नगर में किसान मसीहा को नमन

# रेलवे रोड और तहसील परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती मंगलवार को खतौली नगर में राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रेलवे रोड और तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों, अधिवक्ताओं तथा सामा. जिक-राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सहभागिता कर किसान मसीहा को नमन किया। रेलवे रोड पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता चौधरी देवेन्द्र सिंह अहलावत द्धढोलूऋ के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए तथा आम नागरिकों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों और ग्रामीण समाज की मजबूती के लिए समर्पित किया। वे किसान हितों की बुलंद आवाज बने और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर पिछड़ा समाज पार्टी के राजू सैनी, व्यापारी नेता गौरी शंकर गौरी, कपिल गुर्जर, राजू सलूजा, किशन सलूजा, संदीप सेन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर तहसील बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ताओं ने भी चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धा भाव से मनाई। पूर्व महासचिव सचिन आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में तहसील परिसर स्थित चरण सिंह द्वार के समीप श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान बार संघ के पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों को देश की असली ताकत बताते हुए उनकी समस्याओं को संसद तक मजबूती से पहुंचाया। पूर्व महासचिव सचिन आर्य ने बताया कि चौधरी चरण सिंह स्वयं भी अधिवक्ता थे और उन्होंने गाजियाबाद से वकालत की शुरुआत करते हुए गरीबों व किसानों के मुकदमे निरूशुल्क लड़े। यही अनुभव आगे चलकर उनके किसान-केंद्रित राजनी. तिक जीवन की मजबूत आधारशिला बना।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं दी गई और चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर चत्रपाल सिंह, जितेंद्र त्यागी, प्रमोद शर्मा, गंगा शरण, अमित त्यागी, शाकिर मिर्ज़ा, राजेश कुमार, मनोज



त्यागी, अभिषेक गोयल, सुमित कुमार, मोहम्मद अरशद, रोशनी सैनी, हरि निवास सोम, राम रोशन दास, अभिषेक भड़ाना, अंकित भारद्वाज, आशीष राणा, शांतनु ठाकुर, राजन राणा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# हिंदू राष्ट्र के संकल्प के साथ खतौली पहुँची कवि सिंह की पदयात्रा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।**भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर हरियाणा निवासी मशहूर गायिका, कवयित्री एवं हिंदूवादी नेत्री कवि सिंह की पदयात्रा मंगलवार को खतौली पहुँची। हरिद्वार से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि तक जाएगी, जहां भगवान श्रीकृष्ण को गंगाजल अर्पित कर यात्रा का समापन किया जाएगा। खतौली आगमन पर नगरवासियों, भाजपा पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कवि सिंह का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। पदयात्रा आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा नेता सुधीश पुंडीर के आवास पर पहुँची, जहां कॉलोनीवासियों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया।

**हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान**

पत्रकारों से बातचीत में कवि सिंह ने कहा कि जिस आधार पर देश का विभाजन हुआ था, आज उसी आधार पर हिंदू समाज अपने अधिकारों की मांग कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत के हिंदू राष्ट्र बनने से देश में भय और अस्थिरता समाप्त होगी तथा हर वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा, क्योंकि एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। यदि समाज समय रहते नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कवि सिंह ने बताया कि यह पदयात्रा 25 दिनों तक चलेगी, जिसमें वे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर युवाओं से संवाद कर हिंदू राष्ट्र के विचार को जन-जन तक पहुंचाएंगी।

**बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल की घटनाओं पर चिंता**

कवि सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और पश्चिम बंगाल में सामने आ रही घटनाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति हिंदू समाज के लिए चेतावनी है। उनका आरोप है कि एक विशेष संप्रदाय द्वारा सुनियोजित तरीके से हिंदू समाज को भयभीत करने का प्रयास किया जा रहा है, जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपने कार्यक्रमों के दौरान हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि वहां भगवा ध्वज लगाने पर उन्हें परेशान किया गया और प्रशास. निक स्तर पर बाधाएं उत्पन्न की गईं।



**धमकियों के बावजूद अडिग संकल्प**

कवि सिंह ने बताया कि पदयात्रा प्रारंभ होने के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। यात्रा के शुरुआती दिनों में उनकी गाड़ी पर हमला भी हुआ, लेकिन इससे उनका संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष से वह पीछे नहीं हटेंगी। भाजपा नेता एवं जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सुधीश पुंडीर ने कहा कि कवि सिंह की यह पदयात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और जनजागरण की यात्रा है। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से मथुरा तक इस यात्रा को पूरा समर्थन मिलेगा और जगह-जगह स्वागत कर समाज और सरकार को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, विवेक रहेजा, सोनू ठाकुर, दर्पण गुप्ता, अमित उपाध्याय, यश श्रीवास्तव, अनुज भारद्वाज, विश्वेंद्र सिसोदिया, निखिल, शिवा, बिट्टू सिखेड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बिटावदा में मनाई चौधरी चरण सिंह जयंती

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में आज मंगलवार की सुबह पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ बड़ी ही धूमधाम और हर्ष उल्लास से मनाई गई।

पंचायत घर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में उनके चित्र के समक्ष विधिवत हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। हवन यज्ञ के यजमान रामकिशघ्न सहरावत रहे। ओमपाल शास्त्री इटावा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन की विधि संपन्न कराई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की। पूर्व प्रधान और जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे सत्यपाल सहरावत ने चौधरी चरण सिंह के जीवन, विच. ारों और किसानों के हित में किए गए कार्यो को याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने



हमेशा किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हवन के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चौधरी चरण सिंह अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद स्वरूप गुलदाने का वितरण किया गया। इस मौके पर देवेंद्र मास्टर, सोनू प्रधान, मनोज प्रधान, बुद्धू प्रधान, सुधीर प्रधान, सुरेंद्र आर्य और वीरसेन बाबू सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीणों की भी मौजूदगी रही।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धोखाधड़ी में दो फाइनेंस एजेंट गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की हीरो एजेंसी में तैनात कर्मचारी ने एक अन्य फाइनेंस एजेंट के साथ मिलकर एक व्यक्ति के दस्तावेजों की चोरी कर फाइनेंस कंपनी से बाइक निकाल कर बेच दी।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक बरामद कर जेल भेज दिया है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़ खेड़ी निवासी नवाब ने न्यायालय के आदेश पर थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि पीड़ित का कैराना के पंजाब नेशनल बैंक में खाता है, दिनांक 7 फरवरी 2025 को पीड़ित के खाते से 3532 रूपए काटने का एसएमएस प्राप्त हुआ, पीड़ित ने दो दिन बाद जाकर जब बैंक में मैनेजर से जानकारी की तो मैनेजर द्वारा बताया गया कि उसने राम कंपनी से बाइक निकलावा रखी है। पीड़ित तुरंत बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत स्थित राम कंपनी के कार्यालय पर पहुंचा और अपने कागजात दिखाएं, कंपनी के द्वारा दिखाए गए कागजात पर पीड़ित के फोटो नहीं थे किसी अन्य व्यक्ति के फोटो लगाए गए थे, राम फाइनेंस कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि दस मई 24 को कस्बे के दिल्ली रोड स्थित रुद्र ऑटोमोबाइल कंपनी से आपकी बाइक निकाली गई है। पीड़ित ने, राम कंपनी के मैनेजर, फाइनेंसर अक्षय चौहान व प्रवीण शर्मा सहित तीन अज्ञात पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसके दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को गवाह बनकर



स्प्लेंडर मोटरसाइकिल निकला ली। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर थाने पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फाइनेंस कंपनी के एजेंट अक्षय चौहान निवासी ग्राम लूम जनपद बागपत व ईशाम सिंह निवासी थाना नांगल जनपद सहारनपुर को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## पकड़े गए दोनों आरोपी है फाइनेंस कंपनी के एजेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने पकड़े दोनों आरोपी फाइनेंस कंपनी के एजेंट है एक राम फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी है तो दूसरा मोफिन ग्रीन कंपनी में लोगों की फाइनेंस कराता है। पुलिस हिरासत में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि उन दोनों की मुलाकात कंपनी के द्वारा रखे गए सेमिनार के जरिए हुई थी। दोनों आरोपियों ने सांठ-गांठ करते हुए बाइक कांधला से निकलकर सहारनपुर भेज दी थी ताकि आसानी से पकड़ में ना आ सके। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों से बाइक बरामदकर जेल भेज दिया है।

# फिजियोथेरेपिस्ट व साथी चोरी में गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनत में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फिजियोथेरेपिस्ट और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सामान और घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार भी बरामद कर ली है। हैरान करने वाली बात यह रही कि आरोपी ने अपने शौक और प्रेमिकाओं के खर्च पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।

मंगलवार को शामली पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि 9 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में फार्मासिस्ट आदेश कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए नेबुलाइजर मशीन, बीपी इंस्ट्रूमेंट, एलईडी टीवी, इनवर्टर बैटरी, प्रिंटर समेत अन्य सामान चोरी होने की जानकारी दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एएसपी ने बताया कि 23 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेहटा फ्लाईओवर अंडरपास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आसिफ पुत्र शराफत अली निवासी ग्राम भौराखुर्द थाना भौराकलां, तथा सचिन पुत्र कृष्णपाल मूल निवासी भौराखुर्द और हाल निवासी विजयनगर, सहारनपुर बताए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बनत के सरकारी अस्पताल से चोरी किया गया समस्त सामान बरामद कर लिया। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त क्रेटा कार भी कब्जे में ले ली गई है।

पूछताछ में आरोपी आसिफ ने बताया कि वह गांव भाज्जू में फिजियोथेरेपिस्ट है और अपना क्लीनिक चलाता है। उसने स्वीकार किया कि उसकी कई प्रेमिकाएं हैं, जिनके खर्च पूरे करने के लिए उसने अपने साथी सचिन के साथ मिलकर अस्पताल में चोरी की योजना बनाई। मंगलवार को दोनों आरोपी चोरी का सामान लेकर पानीपत बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि फिलहाल आसिफ के खिलाफ अन्य किसी आपराधिक मामले की जानकारी नहीं मिली है।

## नशे में धुत बाइक सवार ने मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**कैराना।** नशे की हालत में बाइक चला रहे एक युवक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार देर रात विशाल पुत्र टिलूराम अपनी बाइक से किसी कार्य से कैराना की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक नशे में धुत था। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विशाल सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी कैराना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# युवती को भगा ले जाने पर दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही दो सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला से शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर पहले देते हुए बताया कि पड़ोस के ही आसिफ व दानिश पुत्र जमील पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर से नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी युवती और दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका। दोनों ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही युवती को बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# उमरा करने गए बुजुर्ग का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** बड़े भाई के साथ उमरा हज की अदायगी के लिए सऊदी अरब गए एक बुजुर्ग ग्रामीण की वहां अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। दुखद घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गांव नगलाराई द्धखेड़ाऋ निवासी करीब 70 वर्षीय सालिम पुत्र स्वर्गीय हाजी अब्दुल मजीद अपने बड़े भाई गुफरान तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चार दिसंबर को लगभग 20 दिन की अवधि के लिए सऊदी अरब गए थे।बताया गया कि उमरा हज के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा लगातार उपचार किया गया।परिजनों के अनुसार उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका और 22 दिसंबर को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर में मातम पसरा हुआ है। बताया गया कि सालिम मिलनसार व धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों व रिश्तेदारों द्वारा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी जा रही है।

# किसान मसीहा चौ. चरण सिंह के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान



ऊन



शामली





ऊन



थानाभवन



शामली



शामली



शामली आर्य जाट महासभा



एसडीएस कान्वेंट स्कूल



कांधला

**शाह टाइम्स टीम**

**ऊन।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष में जन उत्थान सेवा समिति द्वारा कस्बे के चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें चौधरी चरण सिंह के विचारों को आम जनता तक पहुंचाने तथा उनके जन्म दिवस को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाने की अपील की। चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल में जन उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानो दलितो एवं सर्व समाज के हित में किए गए कार्यों के बारे में बताया गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गई सभी कार्यकर्ताओं ने उनके जन्म दिवस को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाने की अपील की तथा कस्बे व क्षेत्र से नशे को दूर करने में सहयोग करने की अपील की तथा चौधरी चरण सिंह के नाम पर कस्बे में संस्था की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की गई सभी ने मिलकर चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल को फिर से सुचारू रूप से संचालन करने पर बल दिया तथा संस्था की कमेटी को हर संभव सहयोग देने की आश्वासन दिया जिससे कि संस्था दोबारा सुचारू रूप से चल सके। इस अवसर पर चौकी प्रभारी राकेश कुमार को क्षेत्र में बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति तथा नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग हेतु ज्ञापन भी दिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता धर्मपाल बझेडी तथा संचालन अनिल कुमार ने किया गोष्ठी मे जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुखपाल भार्गव संरक्षक भास्कर चौधरी सुभाष कुमार रामकुमार शास्त्री सत्यवान चौधरी सेवाराम रामपाल सिंह सौदान सिंह विनोद कुमार राजेंद्र सिंह मास्टर राज सिंह सुशील सभासद डॉक्टर जसवीर सचिन कुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**शामली।** भारत रत्न मा।पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के शुभअवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता अध्यक्षता में किसान सम्मान दिवस का आयोजन सिटी ग्रीन बैंकट हाल दिल्ली रोड शामली में किया गया।आयोजित किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना 2025-26 एवं आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक मेलेध्गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। आयोजन में जयदेव मलिक मा। ब्लाक प्रमुख शामली, डा। विनोद मलिक मा। ब्लाक प्रमुख कांधला, विक्रांत जावला, तथा अन्य गणमान्य कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजन के समय उप कृषि निदेशक शामली, जिला कृषि अधिकारी शामली, जिला गन्ना अधिकारी शामली, जिला अग्रिणी बैंक प्रबन्धक शामली, कृषि वैज्ञानिक, कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभागों के अधिकारियों द्वारा किसान सम्मान दिवस में प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा भारत रत्न मा।पूर्व प्रधानमन्त्री चौ। चरण सिंह की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रजवल्लन कर किसान सम्मान दिवस का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर डा। विनोद मलिक मा। ब्लाक प्रमुख कांधला द्वारा भारत रत्न मा। पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के जीवनवृत का विस्तार से वर्णन करते हुए मा। पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को उपस्थित कृषकों के सम्मुख जीवन्त किया। अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों नें भी भारत रत्न मा। पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किए। जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा कृषि तथा अन्य सहयोगी विभागों के पुरस्कृत किए जाने वाले कृषकों को क्रमवार जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कराए गए। राष्ट्रीय किसान डिग्री कालेज शामली के कृषि स्नातक मेधावी छात्र विंशीत निर्वाल- प्रथम, कु। अंजली मौर्य- द्वित्तीय, विमल कुमार तृतीय एवं यशवी ठैब।ह की तृतीय वर्ष की छात्रा गणतंत्र दिवस की परेड के लिए चयनित होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। तथा जनपद में आत्मा योजनान्तर्गत कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों के कुल 53 कृषकों को उनके कृषि से सम्बन्धित अधिक उत्पादन के आधार पर सम्मानित किया गया। वीरेन्द्र सिंह सेवा निवृत्त प्राविधिक सह्यक ग्रुप-2 तथा अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई।

**ऊन।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 जयंती के अवसर पर बाईपास स्थित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए उनका अनुसरण करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया पंडित मानसिंह शास्त्री ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान रालोद के नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह रहे बाद में मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिपाल सिंह सुरेश धीरज वासु रविंदर मुंडेट विनीत मुखिया भास्कर चौधरी सत्एंद्र चिकारा सत्यवान राजेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**थाना भवन।** पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का 123वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 123 वा जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति राव जमशेद ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बारे में कहा की 23 दिसंबर के दिन देश हो दुनिया में तमाम घटना हुई थी लेकिन इस दिन का महत्व देश के पांचवें प्रधानमंत्री की जयंती होने कारण कुछ अलग ही है चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन भारत में किसान मसीहा किसान दिवस के रूप में मानते हैं इस दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस भी कहा जाता है किसानों के जीवन और स्थिति योग को बेहतर बनाने के लिए चौधरी साहब ने कई महत्व पूर्ण कार्यों की शुरुआत की थी भारत सरकार ने 2021 में चौधरी चरण सिंह के सम्मान में हर साल 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह किसानों के अंदर थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीयता और ग्रामीण क्षेत्र की मर्यादा में दिया आज के दिन देशवासियों को किसान दिवस मनाने का मकसद है कि किस देश का अंधता है और देशवासियों को भी किसने की समस्या को देखते उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। वक्ताओं ने उनके कृषि और किसान कल्याण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को भारतीय किसान आंदोलन का प्रेरणा स्रोत बताया। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों और ग्रामीण भारत के हितों के लिए काम किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी को उनके आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर हाजी राव जमशेद, उस्मान ठेकेदार, भूरा, पप्पू, फैजान मंसूरी, शमशाद मीर, नसीम मिर्जा, सलीम राणा, हाजी अखलाक, एहसान, इरफान, अमित सैनी, ऋषिपाल सैनी आदि गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**शामली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती मंगलवार को कुडान रोड स्थित सर्वोदय आश्रम में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव धीरज तोमर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय, उनके आदर्शों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। भूमि सुधार, सामाजिक न्याय और ईमानदार राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। उनके सच्चे और सिद्धांतवादी राजनीतिक जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। 9 फरवरी 2024 को चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो उनके योगदान का सम्मान है। कार्यक्रम में धीरज तोमर, गौरव कश्यप, राफा चौधरी, सोहनवीर सिंह, राजीव मलिक, चौधरी नरेश मलिक, शालू प्रधान, डिम्पल जैन, सतीश राणा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** भारत रत्न से सम्मानित भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में विचार गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार व पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने किया। कहा कि चौधरी चरणसिंह का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे सामाजिक-आर्थिक चिंतक, जननेता एवं अद्वितीय प्रशासक थे। गांवों-किसानों को राजनीति की मुख्यधारा में लाने का श्रेय उन्हीं का है।

पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने 50 जरूरतमंदों को रजाई का वितरण भी किया। मौके पर डा। सत्यपाल कश्यप, अनुज जावला, सलेक चंद, चौधरी बहादुर, योगेन्द्र गोगर, विनीत, कविन्द्र, संजीव राझड, अरूण उर्फ बिट्टू मौजूद रहे।

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय किसान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य, प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर एवं क्षेत्र से पधारे किसानों द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व। चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित किसान चौधरी भगत सिंह निवासी होशंगपुर, चौधरी सहेंद्र चौहान निवासी पावटी कला, चौधरी पिंकी प्रधान निवासी भूरा, अजीत सैनी निवासी वेदखेड़ी, पंकज कश्यप निवासी लक्ष्मणपुरा, चौधरी अ"यूब हसन निवासी चौंतरा एवं सरदार कर्णजीत सिंह निवासी दभेड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर द्वारा अतिथियों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे 1937 से 1977 तक लगातार एक ही विधानसभा सीट से विधायक रहे। उन्होंने कृषि ऋण मुक्ति, जमींदारी उन्मूलन जैसे अनेक कार्य किसान हित में किए। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक जीवन, खानपान और व्यवहार पर आधारित 'शिष्टाचार' जैसी उत्कृष्ट रचना भी लिखी। इस अवसर पर सुमित चौहान, ऋतिक चौहान, पंकज गर्ग, भूजवीर सिंह, आकाश तोमर, अजय लाठर, चेतना शर्मा, विनय सोलंकी, हरप्रीत कौर, आदित्य शर्मा, संस्कार सिंघानिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**कांधला।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम भभीसा में सुरेश प्रधान भभीसा के फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र एवं कस्बे व देहात से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी विचारों का स्मरण किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेशपाल प्रधान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और समाजवादी पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ग्राम भभीसा, नाला, डांगरोल, एलम, भारसी, हरमुजपुर, सुन्ना, डागरौड, कनियान, किवाना, मखमूलपूर आदि गांवों लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र के गांव गंदराऊ के जंगल में मंगलवार दोपहर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 25 हजार रूपए का इनामी वांछित लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान उसके तीन साथी फरार हो गए, जिनकी तलाश में इलाके में सघन कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे कैराना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक लाल रंग की कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार बदमाशों ने पुलिस वाहन में टक्कर मार दी और भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश चलती कार से कूदकर खेतों में घुस गए और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान हुजैफा पुत्र दिलशाद निवासी मोहल्ला आलखुर्द के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने झिंझाना थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की है। आरोपी पर पहले से 25 हजार रूपए का इनाम घोषित था।घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं खेतों की घेराबंदी कर फरार हुए दो बदमाशों तथा कार से भागे एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ लूट व जानलेवा हमले समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी द्वारा संचा. लित एक मीडिया ग्रुप की जांच की जा रही है, जिससे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क अधूरी, लोकार्पण बोर्ड तैयार, वार्ड 12 में नगरपालिका ठेकेदारों की जल्दबाजी उजागर

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आनन-फानन में बोर्ड पर किया गया सीमेंट लेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद के ठेकेदारों की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। वार्ड संख्या 12 में लाखों रूपए की लागत से बनाई जा रही सीसी सड़क का निर्माण कार्य अभी अधर में लटका हुआ है, लेकिन निर्माण पूरा होने से पहले ही ठेकेदारों द्वारा लोकार्पण का बोर्ड लगा दिया गया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ठेकेदारों ने आनन-फानन में बोर्ड पर सीमेंट का लेप कर उसे छिपाने का प्रयास किया। कस्बे के वार्ड नंबर 12 स्थित मोहल्ला आल्दरम्यान में नगर पालिका द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत जैन बाग के गेट से आर्यपुरी पुलिया तक सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है और सड़क अधूरी पड़ी है। इसके बावजूद ठेकेदार ने जल्दबाजी दिखाते हुए लोकार्पण का बोर्ड स्थापित कर दिया,जिससे स्थानीय लोगों में रोष फैल गया।इस पूरे प्रकरण से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें अधूरी सड़क के साथ लोकार्पण बोर्ड स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वीडियो के वायरल होते ही मामला चर्चा में आ गया। इसके बाद ठेकेदारों ने आनन-फानन में बोर्ड पर सीमेंट का लेप कर दिया, ताकि मामला दबाया जा सके।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब सड़क का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है, तो लोकार्पण बोर्ड लगाने का औचित्य क्या है। इससे साफ जाहिर होता है कि ठेकेदारों को गुणवत्ता और पारदर्शिता से अधिक औपचारिकता निभाने की जल्दी है। इस संबंध में जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार को लोकार्पण बोर्ड लगाने के लिए किसी स्तर से कोई निर्देश नहीं दिए गए थे। ठेकेदार ने अपने स्तर से ही बोर्ड लगवाया था, जिसे बाद में हटा दिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला नगर पालिका में कराए जा रहे विकास कार्यों की निगरानी और ठेकेदारों की मनमानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।




कार्य पूरा होने से पूर्व लगाया गया बोर्ड



जगहंसाई होने पर आनन-फानन में सीमेंट से ढकवाया।

# रोड कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा शामली रोडवेज बस स्टैंड परिसर में रोडवेज कर्मियों के लिए बहुआयामी सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित हुआ।

शिविर का उद्घाटन जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ। विनोद कुमार एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उन्होने कहा कि रोडवेज कर्मियों का स्वस्थ रहना यात्रियों की सुरक्षा तथा परिवहन व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

स्वास्थ्य शिविर में नेत्र परीक्षण, सामान्य रक्त जांच, एचआईवी परामर्श एवं जांच, टीबी स्क्रीनिंग तथा एसटीआई परामर्श एवं जांच की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। साथ ही कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर अमित चौहान, प्रेमांकुर दत्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी, रोडवेज राजेन्द्र चौहान, अजीत वास्तव, डॉ. रूपेन्द्र, पीबीसीटी परामर्शदाता दीपा चौहान, पंकज चौहान, शिवम कुमार, गौरव कुमार मौजूद रहे।

## ठंड के मद्देनजर तीन दिनों की छुट्टी

**शामली।** जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में अत्यधिक ठंड व शीतलहर के मद्देनजर बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत जनपद शामली में संचालित सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय एवं यूपी बोर्ड/सीबीएसई बोर्ड/आईसीएसई बोर्ड के नर्सरी से कक्षा 8 तक के समस्त विद्यालय दिनांक 24 दिसंबर 2025 व 26 दिसंबर 2025 को शैक्षिक कार्य बंद रहेंगे। विद्यालयों में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्व की भांति विद्यालय में उपस्थित होकर यू डायस, अपार आईडी, एसआईआर व अन्य विभागीय कार्य आदि संपन्न करेंगे।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया पीएम विद्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को जलालाबाद स्थित खंड शिक्षा क्षेत्र थानाभवन के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं पी एम विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र छात्राओ की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया।

जलालाबाद में सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे बीएसए लता राठौर उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद पहुंची। यहां उन्होंने खंड शिक्षा कार्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ ही पी एम विद्यालय का स्थलीय नीरीक्षण कर बच्चो की शिक्षा एवं स्मार्ट क्लास आदि मे किस प्रकार से बच्चो को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसकी पूरी जानकारी स्र्माट क्लास रूम पहुचकर बच्चो से ली वही स्कूलों शिक्षकों की अनुपस्थिति, बच्चों की कम उपस्थिति, साफ-सफाई की कमी, मिड-डे-मील की स्थिति और कागजी कार्रवाई आदि से सम्बन्धित सभी चीजो का अवलोकन कर सभी कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य भूप सिंह, व तमा शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याएं विधान परिषद में उठाई



**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की समस्याओं, गन्ना भुगतान में हो रही देरी और जनपद शामली में सड़क निर्माण की लापरवाही का मुद्दा विधान परिषद में एमएलसी किरण पाल कश्यप ने उठाया। किरणपाल कश्यप ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की रीढ़ है, लेकिन आज वही किसान सबसे अधिक संकट में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बजाज ग्रुप की चीनी मिलों द्वारा किसानों का गन्ना भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। कई किसानों का भुगतान एक वर्ष तक लंबित रहता है और विलंब के बावजूद ब्याज तक नहीं दिया जा रहा। ऐसी स्थिति में किसान परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी जैसे दायित्व कैसे निभाए, यह एक गंभीर सवाल है। उन्होंने आलू किसानों की समस्याओं को भी सदन में उठाया। कहा कि आलू के लिए न तो पर्याप्त कोल्ड स्टोरेज हैं और न ही न्यूनतम समर्थन मूल्य तय है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी क्रम में उन्होंने जनपद शामली के थानाभवन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भैसवाल से मल्हेंडी तथा झिंझाना से पिरखेड़ा तक सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठाया। विधान परिषद के तृतीय सत्र में उन्होंने सवाल किया कि दोनों सड़कों का निर्माण दर्शाए जाने के बावजूद बीच का लगभग 1।5 किलोमीटर हिस्सा आज भी कच्चा है।

## एक नजर

### क्लीन टॉयलेट कैम्पेन के अंतर्गत पेंट की टॉयलेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के निर्देश पर क्लीन टॉयलेट कैंपेन के अंतर्गत पेंट माय टॉयलेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत नगर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित आकर्षक पेंटिंग एवं रंगोली बनाई गई, जिससे स्वच्छता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हो सके। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता, सुंदरता एवं उपयोग के प्रति आमजन को जागरूक करना है। इस अवसर पर शौचालय परिसर में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया, जिसमें गहन साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। शौचालय के सुंदरीकरण हेतु फूलों के पौधों के गमले लगाए गए, जिससे परिसर और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं उपयोगकर्ताओं के लिए सुखद बन सके। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता संदेशों के माध्यम से लोगों को खुले में शौच न करने, शौचालयों का सही उपयोग करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### शहर के बाजारों को सुंदर बनाने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अरविंद संगल के अपने 61वें जन्मदिन पर नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर के बाजारों को चांदनी चौक की तरह सुंदर बनाए जाने का संकल्प लिया। उन्होने दुकानदारों से भी अतिक्रमण हटाने में अपना सहयोग दिए जाने की अपील की है। सोमवार को नगर पालिका के सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल के जन्मदिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कर्मचारियों व सभासदों ने उनके पिछले कार्यकाल को सराहा। इस दौरान सभी से मिलकर शहर के विकास में अहम योगदान देने का आहवान किया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि नगर का विकास सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें सभी सहयोग प्रदान करे। साथ ही उन्होने कहा कि पूर्व चेयरमैन सलेक चंद ने शहर के बाजारों को स्थापित करने का काम किया उसको आगे बढाते हुए वह बाजारों का सौदर्यकारण करा रहे है। जिसमें नालियों का निर्माण शुरू हो चुका है। इसके बाद बडी ही आकर्षक डिजाईनों की लाईटे लगाई जाएगी, जिससे बाजार चांदनी चौक की तरह जगमग होगे। उन्होने दुक. ानदारों से भी बाजारों से अतिक्रमण हटाने में अपना सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होने हाथों में गदा उठाकर शहर के विकास का संकल्प लिया है। इस अवसर पर सभासद पंकज गुप्ता, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, रोबिन गर्ग, रामनिवास सैनी, धुरेंद्र निर्वाल, गुलजार, अजय निर्वाल, संदीप कुमार, डॉ। राजेंद्र गोयल, संजय उपाध्याय, अरविंद सहित ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई इंस्पेक्टर अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा को ध्यान में रखकर विद्यालय में ध्यान अभ्यास शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में बोर्ड व वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर छात्र-छात्राओं की एकाग्रता बढ़ाने के लिए नियमित ध्यान मेडिटेशन सत्र चलाया जा रहा है। पिछले 10 दिनों से प्रतिदिन प्रार्थना स्थल पर 10 मिनट का यह अभ्यास किया जा रहा है। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि परीक्षाएं नजदीक हैं और छात्रों के मन को नियंत्रित करने तथा उनके दिमाग को सक्रिय बनाए रखने के लिए ध्यान एक कारगर उपाय है। छात्रों ने भी इसकी सराहना करते हुए बताया कि उन्हें इससे काफी लाभ मिल रहा है और वे अब घर पर भी नियमित रूप से ध्यान करते हैं। इन सत्रों में विद्यालय स्टाफ भी छात्रों के साथ बैठकर ध्यान करता है। गत दिवस विद्यालय में एक बाहरी टीम द्वारा यूरेशिया संगठन के सहयोग से विशेष ध्यान सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें संगीत के माध्यम से भी ध्यान कराया गया।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार: विहिप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला कार्यालय से शिव चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिहादी हिंसा, प्रशासनिक निष्क्रियता और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की।

विहिप कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के बाद असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है, जिनका निशाना विशेष रूप से हिंदू समाज बन रहा है। मंदिरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, महिलाओं, संपत्तियों, शासकीय कर्मचारियों एवं पत्रकारों पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने गत सप्ताह बांग्लादेश के मेमनसिंह जिले के भालुका क्षेत्र में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर उन्मादी भीड़ द्वारा उसकी नृशंस हत्या कर दी गई। आरोप है कि यह पूरी घटना पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हुई, लेकिन उसे रोकने के प्रयास नहीं किए गए। विहिप नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के मानवा. धिकारों का खुलेआम हनन हो रहा है, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा को तत्काल रोका जाए, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और अल्पसंख्यकों के लिए भय-मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रदीप, मोहित, प्रवीण चौहान, विशाल निर्वाल, विशाल राणावत, नटवर, रोहित चौहान, मुकेश सैनी, विभांशु, हिमांशु राणा, अंकित, सालू राणा, रवि मौजूद रहे।

# मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने बिहार के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महिला के हिजाब खींचने को लेकर मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन की ओर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पद से बर्खास्त किए जाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कैराना को सौंपा है।

मंगलवार को मजदूर बेरोजगार एकता मंच पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता तहसील प्रांगण भवन स्थित एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पत्र एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सौंपा। इस दौरान संगठन की महिला विंग जिलाध्यक्ष शबीना खान ने बताया की 15 दिसंबर को बिहार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब खींचना असंवैधानिक एवं महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की घटिया मानसिकता देश की आधी आबादी के सम्मान पर चोट पहुंचाती है।ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय संविधान प्रत्एक नागरिक को समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है। किसी महिला के पहनावे या धार्मिक पहचान पर सार्वजनिक मंच से हिजाब खींचना उसकी अस्मिता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन है। संगठन ने स्पष्ट किया कि देश की हर बेटी, चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो, समान अधिकार और सम्मान की हकदार है।

संगठन ने राष्ट्रपति से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति से मर्यादित आचरण की अपेक्षा की जाती है। यदि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती है, तो यह लो. कतांत्रिक मूल्यों और नारी सशक्तिकरण की भावना को कमजोर करेगा।मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने चेतावनी दी कि महिला सम्मान और संविधान की गरिमा से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलनात्मक कदम भी उठाए जाएंगे। नौशाद सैफी, अंसार अंसारी, जमील अब्बासी,शाहवेज, इश्तियाक अहमद,नवाब राणा, नफीस अंसारी, शहजाद खान व शुएब आदि मौजूद रहे।

# अपर दोआब शुगर मिल में टरबाइन खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** त्रिवेणी ग्रुप के अपर दोआब शुगर मिल में गत दिवस आई तकनीकी खराबी जहां अभी तक पूरी तरह ठीक नही हो सकी वही मिल अधिकारियों ने टपरेरी जनरेटरों को लेकर पेराई कार्य प्रारंभ कर दिया है। मिल में टरबाईन ठीक न होने से गन्ने की पेराई धीमी गति से चलती रही, जिससे शहर के मिल रोड पर गन्ने के वाहनों का जाम लगा रहा।

गत सोमवार सवेरे अचानक शामली शुगर मिल की टरबाईन खराब हो गई थी। जिसके बाद मिल का पेराई कार्य पूरी तरह से बंद हो गया था। सुबह से शाम तक मिल का पेराई कार्य बंद रहने से किसानों के गन्ने से भरे वाहन तैयार खडे रहे और मिल अधिकारियों पर लगातार दबाव बनाया गया, जिसके बाद मिल प्रबंधक ने निर्णय लिया कि टरबाईन ठीक होने तक अतिरिक्त जनरेटरों को लगाकर मिल का पेराई कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके बाद रात्रि 9 बजे के लगभग मिल का पेराई कार्य जनरेटरों को लगाकर प्रारंभ कर दिया गया। मिल चलने की सूचना पाकर किसान अपने गन्ना वाहन लेकर शामली मिल पहुंचे। मंगलवार को मिल का पेराई कार्य धीमा चलने से मिल गेट से लेकर हनुमान रोड, अग्रसैन पार्क तक गन्ने के वाहनों से जाम लगा रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। मिल के महाप्रबंधक गन्ना दीपक राणा ने बताया कि टरबाईन को बुधवार तक ठीक कर लिया जाएगा। शहर में जाम न लगे इसके लिए थोडे थोडे किसानों को बुलाया जा रहा हैं। जहां प्रतिदिन 60 से 70 हजार क्विंटल गन्ना क्रश होता था मंगलवार को मात्र 45 हजार क्विंटल गन्ना ही क्रश हो पाएगा।

# बार-बार क्यों हो रही सभासदों व ईओ के बीच तनातनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पंचायत बनत के सभासदों ने ईओ पर गंभीर अनियमित. ताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए डीएम से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को सभासद नीरज पाल, दीपक कुमार, ख्वाजा, अमरेश, इकराम अली, अजय कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति, ठेके, डीजल की अत्यधिक खपत, बोर्ड बैठक में अनियमितताओं तथा सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सभासदों पर दबाव बनाए जाने को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत का निस्तारण 15 दिसंबर को कर दिया गया, जिसे सभासदों ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। आरोप लगाया कि ईओ द्वारा बोर्ड बैठकों में क्लर्क के स्थान पर चपरासी को बैठाकर प्रस्ताव लिखवाए जाते हैं। जबकि आईजीआरएस पर दिए गए जवाब में इस आरोप को निराधार बताया गया है। सभासदों का कहना है कि उनके पास जीपीएस मैप कैमरे से ली गई फोटो सहित पुख्ता साक्ष्य मौजूद हैं, जिनमें अलग-अलग तिथियों पर चपरासी द्वारा बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लिखते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अतिथि विश्राम गृह में सेवानिवृत्त क्लर्क ओमकुमार अवैध रूप से रह रहा है और बोर्ड बैठकों जैसी गोपनीय कार्यवाहियों में हस्तक्षेप कर रहा है। जबकि ईओ द्वारा यह जवाब दिया गया कि नगर पंचायत में कोई सरकारी आवास ही नहीं है। सभासदों ने इस जवाब को तथ्यहीन बताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। इसके अलावा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति में भी भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है।

# चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

## आभूषण और 70 हजार रुपये की नकदी पर किया हाथ साफ

**देवबन्द।** विवाह के बाद मां वैष्णो देवी के दर्शन करने गए परिवार के बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना। पड़ौसियों की सूचना पर घर लौटे परिवार ने 21 लाख रुपये के आभूषण और 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर लिए जाने की कोतवाली में तहरीर देकर चोरी का खुलासा किये जाने की मांग की है। मोहल्ला सराए स्थित वेद विहार कॉलोनी में रविन्द्र के पुत्र के मनीष का डेढ़ माह पूर्व विवाह हुआ था। विवाह की सभी रस्मों को पूर्ण कर पूरा परिवार मां वैष्णो देवी के दरबार में शीश नवाने को 20 दिसंबर को गया था। इस दौरान चोरों ने बंद घर के ताले तोड़ आराम के साथ घर खंगालते हुए सभी कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ जाते हुए पड़ौसी के दरवाजे पर लटका दिया।



पड़ौसी आशुतोष गुप्ता ने शाम के समय जब घर का दरवाजा सुबह की मतानिंद शाम को भी खुला देखा तो उन्होंने में झांक कर देखा तो उन्हें चोरी का अहसास होने पर इसकी सूचना सोमवार शाम को रविन्द्र को दी। सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह परिवार के साथ लौटे रविन्द्र घर पहुंचकर देखा तो उनके पैरो तले जमीन निकल गई। चोरों ने सभी कमरो के ताले तोड़ सामान बिखेर रखा था। चोरों ने घर में रखे करीब 21 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 70 हजार रुपये की नगदी चोरी करली। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया। पुलिस के मुताबिक आसपास के सीसी कैमरों में चोरों को ढुंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीएम से की अवैध निर्माण कराने की शिकायत

बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए शिकायती पत्र में विकास त्यागी ने कहा कि है कि देवबंद बैरून हदूद खजूरी मार्ग चक संख्या 87,123,152/1,152/3 पर एक अवैध मदरसे का निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त भूमि को कृषि से अकृषि भी नहीं कराई गई है। निर्माण के लिए विनियमित क्षेत्र से कोई अनुमति नहीं ली गई हैं और ना ही कोई मानचित्र पास कराया गया है। आरोप है कि अवैध रूप से हो रहे निर्माण की पूरी जानकारी विनियमित क्षेत्र में तैनात अवर अभियंता को है। त्यागी ने पत्र की प्रति जिलाधिकारी मनीष बंसल को देते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने और अवर अभियंता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला किया दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं हिंदू युवक की निर्मम हत्या किये जाने के विरोध में क्षत्रिय करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश का पुतला दहन किया।

क्षत्रिय करणी सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ठा. सुरेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता अंबेहटा चौराहे पर एकत्रित हुए और नारेबाजी के बीच बांग्लादेश का पुतला फूंका। इस दौरान ठा. सुरेंद्रपाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार जारी है। लेकिन भारत सरकार इस मामले में चुप है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जोश में आओ, बांग्लादेश को सबक सिखाओ आदि नारे लगाते हुए बांग् के हिंदुओं को संरक्षण दिए जाने की पुरजोर मांग की। इससे पूर्व नगर कार्यालय पर हुई बैठक में ठा. सुरेंद्रपाल सिंह ने जिलाध्यक्ष देवा राणा को पगड़ी भेंटकर सम्मानित करते हुए संगठन का विस्तार करने का आह्वान किया।



जिलाध्यक्ष देवा राणा ने कहा कि हिंदू समाज की रक्षा, सुरक्षा एवं मान सम्मान सुनिश्चित करना ही क्षत्रिय धर्म है। संगठन मंत्री विकास राणा, जिला महासचिव हेम सिंह राणा ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस मौके पर मलखान सिंह, सकर सिंह, रामबीर, रवि राणा, सुनील सिसौदिया, उज्ज्वल राणा, बृजेश राणा, रविंद्र राणा, रोहित राणा, उत्तम पुंडीर, सचिन, हिमांशु, रामबीर, पूरण सिंह, अनुज आदि संगठन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# तनावमुक्त जीवन के लिए अपनाएं राजयोग ध्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (शिवचौक शाखा) के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानों को सम्मानित करते हुए नशामुक्ति एवं तनावमुक्त जीवन के लिए राजयोग ध्यान को अपनाने का आह्वान किया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (शिवचौक शाखा) द्वारा अलीपुरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पारुल ने किसानों को नशामुक्ति और तनावमुक्त जीवन के लिए राजयोग ध्यान को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज का नाश कर रहा है, जबकि राजयोग के माध्यम से मन को ईश्वर से जोड़कर व्यक्ति नशे से भी मुक्त हो सकता है और मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने शाश्वत योगिक खेती पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे शुद्ध संकल्प और सकारात्मक वाइब्रेशन खेती व फसलों को भी प्रभावित करते हैं, यदि बीज को परमात्मा की याद



और पवित्र भावनाओं के साथ बोया जाए तो उससे न केवल अच्छी गुणवत्ता की फसल उत्पन्न होती है बल्कि जीवन की फसल भी गुणवान बनती है। बिजनौर से आए प्रसिद्ध जैविक खेती प्रेमी राहुल जावन ने कहा कि यदि आने वाले पांच वर्षों में जैविक खेती को नहीं अपनाया गया तो भूमि बंजर हो सकती है। उन्होंने किसानों को घर में उपलब्ध गोबर, दूध, पत्तों आदि से जैविक खाद एवं देसी दवाइयां बनाने की विधियां बताई। कार्यक्रम को किसानों को सम्मानित किया गया। संचालन ब्रह्माकुमार अरविंद ने किया। इस मौके पर गिरधारी लाल शर्मा, यशपाल प्रधान, मदन, अंकुर, अनुज, वीरेंद्र, मोंटी, भारत सिंह, रफल सिंह, सुरेंद्र, शिवकुमार आदि शामिल रहे।

# त्यागी ब्राह्मण समाज भाजपा को चुनाव में देगा जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपा सरकार महापुरुषों के नाम पर भगवान परशुराम का अपमान कर रही है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा। आने वाले चुनाव में भगवान परशुराम का अपमान करने वाली भाजपा सरकार को त्यागी ब्राह्मण समाज सबक सिखाने का काम करेगा।

राष्ट्रवादी नव निर्माण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी गांव कुलसठ में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सनातन के नहीं हिंदू-मुस्लिम के नाम पर राजनीति कर रही है। धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की राजनीति करने वाली भाजपा सनातन धर्म की सबसे बड़ी दुश्मन है। श्रीकांत ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोडिन माफिया मुख्यमंत्री के सहजातीय हैं इसलिए उन्हें बचाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा संसद में कोडिन का मामला उठाए जाने का स्वागत भी किया। कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव



में राष्ट्रवादी नव निर्माण दल मजबूती के साथ उतरेगा।

प्रदेशभर में सर्वे कराया जा रहा है। त्यागी-ब्राह्मण बहुल सीटों पर प्रत्याशी उतार कर मजबूती से चुनाव लड़ाया जाएगा। कहा कि इस बार भगवान परशुराम की जयंती त्यागी-ब्राह्मण समाज गांव-गांव में धूमधाम से मनाएगा। इस दौरान ग्रामीण शामिल रहे।

# मुसलमान अल्लाह के सिवा किसी की पूजा नहीं करता: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के उस बयान पर कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने मुसलमानों को सूर्य, नदी और वृक्ष की पूजा करने का सुझाव दिया है।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि हिंदू और मुसलमान इस देश में सदियों से साथ रहते आए हैं और मुसलमानों का तौहीद (एक ईश्वर पर विश्वास और केवल उसी की पूजा) का अकीदा (आस्था) तथा उनकी इबादत की पद्धति किसी भी समझदार व्यक्ति से छिपी नहीं है। इसके बावजूद होसबा. ले जैसे शिक्षित व्यक्ति सहित संघ के शीर्ष पदों पर आसीन लोगों ने आज तक इस्लाम और मुसलमानों को गंभीरता से समझने का प्रयास न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मौलाना मदनी ने स्पष्ट किया कि तौहीद और पैगंबरी का अकीदा इस्लाम के मूल स्तंभ हैं, इनमें रत्ती भर भी विचलन की स्थिति में कोई व्यक्ति मुसलमान नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि इस देश की मिट्टी और प्रकृति से प्रेम करना, उसकी रक्षा करना और उसकी पूजा करना यह दोनों बिल्कुल अलग-अलग बातें हैं। तौहीद पर विश्वास रखने वाले भारतीय मुसलमानों को ईश्वर के अलावा वृक्ष, धरती, सूर्य, समुद्र या नदी की पूजा के लिए आमंत्रित करना इस बात का प्रमाण है कि संघ प्रिय और पूज्य के बीच के बुनियादी अंतर को समझने और समझाने में असफल रहा है। मदनी ने कहा कि यह इस बात को भी दर्शाता है कि कि संघ वैचारिक और व्यावहारिक रुप से देश का मार्गदर्शन करने की योग्यता नहीं रखता, या फिर वह इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि हमेशा सद्‌भावना, संवाद और आपसी सम्मान के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। लेकिन खेद का विषय है इस सद्‌भावनापूर्ण पहल का सकारात्मक उत्तर देने के बजाए संघ के कुछ पदाधिकारी लगातार अधिक उग्र और उकसावे वाला रवैया अपनाते जा रहे हैं, यहां तक कि वे अन्य धर्मों के मानने वालों की आस्थाओं और विश्वासों के विरुद्ध उन पर अपना पूजा-पद्धति थोपने का प्रयास कर रहे हैं, जो किसी भी रुप में स्वीकार्य नहीं है।

> मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि जमीयत का स्पष्ट और सैद्धांतिक मत है कि भारत में राष्ट्र की आधारशिला वतन है। इस देश के सभी नागरिक चाहे उनका धर्म या विचारधारा कुछ भी हो एक राष्ट्र हैं। हमारे दृष्टिकोण में राष्ट्रत्व का संबंध भूमि से है जबकि संघ राष्ट्र की अवधारणा को हिंदू समुदाय और एक विशेष सांस्कृतिक सोच पर आधारित करना चाहता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का हवाला देते हुए मदनी ने कहा कि स्वयं डॉ. आंबेडकर ने इस सच्चाई को स्वीकार किया कि भारत में अनेक संस्कृतियां मौजूद हैं, केवल एक हिंदू संस्कृति नहीं।



# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया शहीदी पर्व

**देवबन्द।** गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी का शहीदी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान रागी जत्थे ने गुरबाणी का गायन कर संगत को निहाल किया।

गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने अपना सारा परिवार धर्म और देश की संस्कृति की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया। कहा कि चमकौर की जंग में लाखों की फौज के सामने लड़ते हुए मात्र 17 एवं14 वर्ष की आयु में साहिबजादे शहीद हुए। शहीद होने के लिए अपने साहिबजादों को जंग के मैदान भेजकर गुरु महाराज ने दुनिया के सामने ऐसी मिसाल कायम की जिसका कोई सानी नही है। गुरूद्वारा



कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने कहा कि गुरु महाराज की जंग इंसाफ, न्याय, मौलिक अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए थी। इस दौरान सहारनपुर से आए भाई गुरमीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इस दौरान डा. सुरेंद्र सोढी, वीरेंद्र सिंह उप्पल, रवि होरा, सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, हेमंत गिरधर, मनजोत सिंह, चंद्रदीप सिंह, गुरदीप सिंह, हरदीप सिंह, मोहित मल्होत्रा, हरविंदर सिंह बेदी, अवनीश भारती और रमन छाबड़ा, जितेंद्र मल्होत्रा आदि शामिल रहे।

# बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग के राजमहल पैलेस के निकट एक तेज रफ्तार यात्रियों से भरी बस ने बस सवार दो भाई बहनो को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक चालक 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि युवक के संग कॉलेज जा रही युवती गम्भीर रूप से घायल है। घायल को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि बाइक सवार युवक अपनी बहन को डिग्री कॉलेज मे स्कॉलरशिप का फार्म जमा कराने के लिए लेकर जा रहा था। हादसे मे युवक की मौत के बाद घर मे कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार को लक्की पुत्र रमेश अपनी बहन सलोनी निवासी ग्राम गंगारामपुर को बाइक संख्या यूपी19आर-8142 पर बैठाकर इस्सापुर जिला सहारनपुर स्थित केएस डिग्री कॉलेज मे स्कॉलरशिप का फार्म जमा कराने के लिए जा रहा था। शाम करीब पौने चार बजे जैसे ही गंगोह मार्ग स्थित राजमहल बैंकेंट हॉल के निकट पहुॅचा तो विपरित दिशा से आ रही



तेज रफ्तार यात्रियों से भरी बस ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिससे दोनो युवक-युवती सडक पर जा गिरे। चीख पुकार सुनकर हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड जमा हो गई। जबकि मौके का फायदा उठाकर बस चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरो की सूचना पर पहुॅची पुलिस ने घायलो को सीएचसी ऊन मे भर्ती कराया ,जहॉ युवक लक्की को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया,जबकि घायल युवती का उपचार किया जा रहा है। परिवार मे कोहराम मच गया है।

# खबर प्रकाशित होने के बाद उखाड़ा शिलापट, जिलाधिकारी ने दिए कार्यवाही के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौंला मे मनरेगा योजना के अन्तर्गत बनी 53 मीटर की सीसी सडक पर जबरण शीलापट लगाकर फीटा काटने की खबर प्रकाशित होने के बाद आरोपी युवको ने शीलापट को उखाड दिया। वही दूसरी ओर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी शामली से मिलकर मामले की जांच व आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

ऊन ब्लॉक की ग्राम पंचायत जिजौला में 53 मीटर की एक सडक का निर्माण मनरेगा के अन्तर्गत किया गया था। जिस पर कुल सवा दो लाख की लागत आई थी। सडक का निर्माण पूरा होने व आगामी ग्राम पंचायत चुनाव का फायदा उठाने की




नियत से किसान संगठन से जुडे एक युवक गुफरान ने गांव के कुछ लोगो के साथ मिलकर अपने नाम का शीलापट सडक पर लगवा दिया और बाद फीता भी काटा गया। आरोपी पंचायत सदस्य भी है। सीसी सडक के उदघाटन के फोटो व विडियों सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। ग्राम प्रधान आदिल राणा ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया और जांच की मांग की गई। डीपीआरओ संदीप अग्रवाल सोमवार को गांव मे पहुॅचें और जांच को सही पाया। जिसकी अधिकारियों ने विडियोग्राफी भी कराई।

प्रकरण की जांच वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाने की खबर को शाह टाइम्स अखबार ने प्रमुखत से प्रकाशित किया। जिसके बाद आरोपी युवको ने कार्यवाही के डर से शीलापट को उखाड दिया। ग्राम प्रधान आदिल राणा का कहना है कि मैं ग्राम पंचायत का संरक्षक हूॅ। मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। मैं जिलाधिकारी से मिला था। डीएम ने उदघाटन करने वालो व शीलापट लगाने वालो पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## तुलसी पौधे के औषधीय गुणों को समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल संस्कार विभाग के तत्वावधान में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि अमित शर्मा ने तुलसी पूजन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तुलसी की महिमा और उसके औषधीय व आध्यात्मिक गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्एक परिवार को अपने घर में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित पूजन और सेवन करना चाहिए, जिससे लौकिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। तुलसी आयु, आरोग्य और पुष्टि प्रदान करती है। इसके दर्शन से पापों का नाश, स्पर्श से पवित्रता, प्रणाम से रोगों का निवारण और सींचने से नारकीय योनियों से रक्षा होती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने श्रद्धाभाव से तुलसी पूजन किया और तुलसी माता की परिक्रमा की। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, विकास कुमार, अनिता, सुरभि, मोहित कुमार, अमित कुमार, उपासना आदि मौजूद रहे।



# उच्च विचारों के अभाव में उच्च कर्म नहीं हो सकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर जगन्नाथ भगवान बाला जी धाम मे मंगलवार को आयोजित सुंदर कांड़ सत्संग मे कथा वाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा जैसे बीज के अभाव मे वृक्ष का जन्म नही हो सकता, ठीक वैसे ही उच्च विचारो के अभाव मे उच्च कर्म घटित नही हो सकता, शुभ कर्म और अशुभ कर्म दोनों कर्मो के पीछे जो कारण है वह विचार ही है हमारे विचारों का स्तर जितना श्रेष्ठ और पवित्र होगा। हमारे कर्म भी उतने ही श्रेष्ठ और पवित्र होगे, उन्होने कहा जीवन मे एक बात हमेशा स्मरण रखना कि सिद्धांतो पर चल कर हारना, झूठ के दम पर जीतने से कई गुणा बेहतर है जीवन मे हार जीत से भी कोई ज्यादा महत्वपूर्ण चीज है तो वो है आपके सिद्धांत अर्थात सत्य का पथ श्रेष्ठता का पथ और शास्त्रानु कूल पथ, हमारा सुख इस बात पर निर्भर नही करता कि हमारे पास कितनी सम्पति है अपितु इस बात पर पर निर्भर करता है कि हमारे पास कितनी सन्मति है स्वर्ग का अर्थ स्थान नही जहां सब सुख हो अपितु वह स्थान है जहां सभी खुश रहते हो उन्होने कहा चित्त और वित्त की स्थिति लगभग एक जैसी है। चित्त अर्थात मन को काबू में में रखना असम्भव सा है वैसे ही धन को भी मुट्ठी में बंदकर नहीं रखा जा सकता।

इस सृष्टि में श्रेष्ठ की प्राप्ति उसी को होगी जिसने कठिन परिस्थितियों का ष्सामनाष् करना स्वीकार किया, झुकना नहीं,अपने संकल्प को इतना मजबूत बनाइए कि हार को भी आपसे हार कर जाना पड़े। जीवन में उत्कर्ष के लिए संघर्ष जरूरी है,सुख के क्षणों में अहंकार को जीतने वाला और दुख के क्षणों में धैर्य धारण करने वाला ही वास्तव में इस जीवन रूपी महासंग्राम का एक सफल योद्धा है।दुख सहना ही नहीं अपितु सुख सहना भी जीवन की एक महान कला है।

उन्होने कहा हमे सुन्दर काण्ड से शिक्षा लेनी चाहिए और इसके गुण और संस्कारो को जीवन मे उतारना चाहिए यह मानव को भक्ति वान गुणवान कर्मनिष्ठ संस्कारी बनाता है कार्य क्रम मे जनेश्वर दयाल अजय गर्ग सुरज तायल सौरभ नारंग वंश शर्मा अमित गोयल नीरज जैन पकंज गोयल आदि मौजूद रहे।

## दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** गढीपुख्ता थानाभवन पुलिस द्वारा न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 2 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना गढीपुख्ता थानाभवन पुलिस द्वारा न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तग शिव कुमार उर्फ शिब्बा पुत्र राज्जा निवासी मौहल्ला सुभाषपुरी कस्बा व थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, सूरजपाल पुत्र मांगेराम चपरासी निवासी कस्बा थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।

## एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को साइबर अपराध व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें उन्हें साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों तथा आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल श्वेता ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल व मैसेज से सतर्क रहने, ऑनलाइन ठगी से बचने तथा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी। टीम ने छात्राओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और कानून का सहारा लेने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जागरूकता संबंधी सवाल पूछे, जिनका टीम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर दीप्ति



● **दीप्ति ने 130 टी-20 मैचों में 18.99 की औसत से 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट लिए हैं रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी नई रैंकिंग में, श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मैच में शर्मा के 1/20 के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से एक रेटिंग अंक से आगे पहुंचा दिया। दीप्ति के पास टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए 737 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। यह फॉर्मेट एलए 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने वाला है, जो गेम्स में इस खेल की वापसी का प्रतीक है। दीप्ति ने टी-20 के सबसे छोटे फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 130 टी-20 मुकाबलों में 18-99 की औसत और 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट अपने नाम किए हैं। इस लिस्ट में रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज हैं, उन्होंने 14वें स्थान पर अपनी जगह बनाई।

दीप्ति की ऑलराउंडर क्षमता भी उतनी ही दमदार है। वह वर्तमान में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के बाद तीसरे स्थान पर काबिज हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद, दीप्ति शर्मा 50 ओवर के फॉर्मेट में गेंदबाजों में पांचवें और ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर काबिज हैं। महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में, स्मृति मंधाना शीर्ष पांच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरा स्थान पर हैं। रविवार को विशाखापत्तनम में खेले गए पहले भारत-श्रीलंका मैच में भारत की प्लेयर ऑफ द मैच रहीं जेमिमा रोड्रिग्स पांच पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। पुरुष टी-20 रैंकिंग में भारत का जलवा बरक़रार है, जहां अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी में पहले और वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के स्टार खिलाड़ी तिलक वर्मा बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं, जबकि हार्दिक पांड्या विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहकर भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं। टी-20 टीम रैंकिंग में भारतीय मेंस टीम वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

# एफआईएच विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर फिसला भारत, महिला टीम 10वें स्थान पर

● **महिलाओं की रैंकिंग में नीदरलैंड 3809 पॉइंट्स के साथ प्रथम स्थान पर**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए। पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की की, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी। स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी। स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था। जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं।

# नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने इटेलियन सुपर कप का खिताब जीता

**रियाद, वार्ता।** डेविड नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने सोमवार को बोलोग्ना को 2-0 से हराकर अपना तीसरा इटेलियन सुपर कप खिताब जीता। नेपोली ने 39वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की जब नेरेस ने पेनल्टी एरिया के बाहर थ्रो-इन पर कंट्रोल किया और फिर टॉप कॉर्नर में एक शानदार शॉट मारा। घंटे भर बाद ब्राज़ीलियन ने बढ़त दोगुनी कर दी, बोलोग्ना के बॉक्स के अंदर कब्ज़ा हासिल किया और आगे बढ़ते गोलकीपर को छकाते हुए एक टाइट एंगल से गोल किया। इस जीत से नेपोली को अपना तीसरा सुपरकोपा इटेलियन खिताब मिला, इससे पहले उन्होंने 1990 और 2014 में ट्रॉफी जीती थी। 2023 से, इटेलियन सुपर कप चार टीमों के फॉर्मेट में खेला जाता है, जिसमें सीरी ए चैंपियन और रनर-अप के साथ-साथ कोपा इटालिया के विजेता और रनर-अप शामिल होते हैं।

**खेल विशेष**

# हरमनप्रीत, सविता सलीमा सूरमा हॉकी के कप्तान बने रहेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग के आने वाले सीजन के लिए अपनी लीडरशिप टीम को बरक़रार रखा है। क्लब ने घोषणा की है कि हरमनप्रीत सिंह पुरुषों की टीम के कप्तान बने रहेंगे, जबकि सीनियर गोलकीपर सविता व मिडफील्डर सलीमा टेटे एक बार फिर महिलाओं की टीम की सह-कप्तान होंगी। सूरमा हॉकी क्लब की प्रेस रिलीज के अनुसार, हरमनप्रीत की लीडरशिप और प्रभाव एसएचसी की योजनाओं के लिए बहुत ज़रूरी हैं। अपने डिफेंस में शांत स्वभाव और खतरनाक ड्रैग फ्लिकिंग क्षमता के लिए मशहूर, भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान ने पिछले सीजन में हॉकी इंडिया लीग में पुरुषों की टीम को तीसरा स्थान दिलाया था। ओलंपिक और एशियाई खेलों के मेडल्स सहित एक शानदार इंटरनेशनल करियर के साथ, हरमनप्रीत का अनुभव व दबाव में शांत रहने की क्षमता टीम को स्थिरता और अटैकिंग बढ़त दोनों देती है। एक बार फिर टीम की कप्तानी करने पर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि इस टीम की कप्तानी करना हमेशा एक खास एहसास होता है। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने से पता चला कि हम क्या कर सकते हैं, और हमने उससे बहुत आत्म विश्वास लिया है। टीम और करीब और मजबूत हुई है, और मुझे सच में विश्वास है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही मिश्रण है। हम पूरी तरह से फोकस्ड, मोटिवेटेड हैं, और इस सीजन में जब हम मैदान पर उतरेंगे तो सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। महिलाओं की टीम में, पिछले सीजन में मजबूत रनर-अप रहने के बाद सविता व सलीमा की लीडरशिप जोड़ी को बरकरार रखा गया है। सविता की निरंतरता और पीछे से लीडरशिप, सलीमा की मिडफील्ड में एनर्जी व क्रिएटिविटी के साथ मिलकर, टीम के प्रदर्शन की रीढ़ बनी है।

# महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस दोगुना से ऊपर हुई

● **रिजर्व खिलाड़ियों को प्रतिदिन 25000 रुपये देने का बीसीसीआई ने लिया फैसला खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए फीस 50000 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस बढ़ा दी है। सीनियर प्रतियोगिताओं में पहली एकादश में खेलने वाली खिलाड़ियों के लिए यह फीस 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति दिन कर दी गई है।

यह फैसला सोमवार को मुंबई में हुई एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। रिज़र्व खिलाड़ियों को इसका आधा यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेगा। आयु-वर्ग स्तर पर भी संशोधन किया गया है, जहां पहली एकादश का हिस्सा बनने वाली खिलाड़ियों को 25,000 रुपये प्रति दिन और रिज़र्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। अब तक आयु-वर्ग की खिलाड़ी अगर एकादश में होती थीं तो उन्हें 10,000 रुपये प्रति दिन, जबकि रिज़र्व खिलाड़ियों को 5,000 रुपये मिलते थे।

इस फीस ढांचे के तहत अगर कोई खिलाड़ी फ़ाइनल समेत सभी लीग मैच खेलती थी, तो पूरे सीज़न में उसे कुल मिलाकर थोड़ा सा 2 लाख रुपये से ज़्यादा मिलते थे। अब यह राशि बढ़कर लगभग 5 लाख रुपये हो जाएगी। ये बदलाव भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत के बाद घरेलू क्रिकेट को मज़बूत करने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं।

साथ ही सिस्टम के भीतर लंबे समय से मैच फ़ीस की समीक्षा की मांग भी उठ रही थी। ईएसपीएन क्रिकइंफ़ो की समझ के मुताबिक, कई शीर्ष राज्य कोचों और खिलाड़ियों ने आंत. रिक रूप से इस बदलाव का अनुरोध किया था।

जूनियर स्तर पर वेतन में संशोधन युवा लड़कियों के बीच खेल में बढ़ती रुचि का नतीजा है, खासकर तब, जब भारत ने लगातार दो अंडर-19 विश्व कप खिताब जीते हैं। साल 2022 में बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय टीम की मैच फ़ीस को पुरुष खिलाड़ियों के बराबर कर दिया था। इसके तहत टेस्ट खेलने वाली खिलाड़ियों को प्रति मैच 15 लाख रुपये, जबकि वनडे और ट्20 मैचों के लिए क्रमशः 6 लाख और 3 लाख रुपये मिलने लगे थे।

## कमिंस और लियोन मेलबर्न टेस्ट से बाहर स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन के बिना मैदान पर उतरेगा, क्योंकि मेजबान टीम ने एशेज सीरीज के चौथे मैच के लिए 15 सदस्यों की टीम का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी और तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को टीम में शामिल किया गया है। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा, जिसमें एडिलेड में 82 रन की जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त बना चुका है।

# एक ओवर में पांच विकेट लेकर इंडोनेशिया के गीड़ ने रचा इतिहास

● **ऐसा करने वाले गीड दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है**

**बाली, वार्ता।** इंडोनेशिया के 28 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गें. दबाज़ गीड प्रियंदना ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच (जहां फ़ॉल-ऑफ़-विकेट्स का आंकड़ा उपलब्ध है) के एक ओवर में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं।



उन्होंने यह कारनामा मंगलवार को बाली में कंबोडिया के खिलाफ पहले टी-20 में किया। प्रियंदना ने यह कारनामा तब किया, जब 168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कंबोडिया की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। अपना पहला ओवर डालते हुए प्रियंदना ने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने इस क्रम में शाह अब्रार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने एक डॉट गेंद फेंकी और फिर मोंगदारा सॉक को आउट किया। इसके बाद उन्होंने एक वाइड फेंकने के बाद पेल वेननक को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इस ओवर में कंबोडिया सिर्फ़ एक रन ही बना सकी, जो अंतिम दो विकेटों के बीच आई एक वाइड से आया और उनकी टीम 60 रन से यह मैच हार गई। प्रियंदना ने इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए धर्मा केसुमा के साथ 11 गेंदों में 6 रन भी बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ केसुमा ने इंडोनेशिया के लिए बल्लेबाज़ी का नेतृत्व किया और 68 गेंदों में नाबाद 110 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल थे। हालांकि पुरुष टी-20 क्रिकेट में यह कारनामा इससे पहले दो बार हो चुका है। अल-अमीन हुसैन ने 2013-14 में विक्ट्री डे टी-20 कप में यूसीबी-बीसीबी एकादश की ओर से खेलते हुए अबाहानी लिमिटेड के खिलाफ एक ओवर में पांच विकेट लिए थे।

# रोहित शर्मा ने स्ट्रेंजर थिंग्स फिनाले के लिए नेटफ्लिक्स प्रोमो में जलवा बिखेरा

**मुंबई, वार्ता।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के बहुप्रतीक्षित फिनाले के लिए, भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को बॉल्यूम 2 की रिलीज से पहले एक खास प्रमोशनल वीडियो में शामिल करके चर्चा बढ़ा दी है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने मंगलवार को भारतीय कप्तान का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसमें क्रिकेट की दुनिया को हॉकिन्स के सुपरनैचुरल ड्रामा के साथ मिलाया गया है।

क्लिप में रोहित शर्मा एक लॉकर रूम में अपने साथियों से बात करते दिख रहे हैं, जहां शुरुआत में माहौल आरामदायक और मज़ेदार है। लीडर मोड में आते हुए, क्रिकेटर सभी से फ़ाइनल लड़ाई नज़दीक आने पर फोकस करने के लिए कहते हैं। ध्यान से सुनो। फिनाले आ रहा है। शर्मा ग्रुप से कहते हैं। सिर्फ़ आपका करियर ही नहीं, आपकी पूरी ज़िंदगी उलट-पुलट हो सकती है। क्रिकेट की रणनीति और शो के मुख्य टकराव के बीच समानताएं बताते हुए, शर्मा अपनी टीम को विपक्षी की अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में चेतावनी देते हैं। विपक्षी कहीं से भी हमला कर सकता है, ज़मीन से, दीवार से, या छत से भी वह कहते हैं, जो स्ट्रेंजर थिंग्स यूनिवर्स को परिभाषित करने वाले डरावने खतरों का ज़िक्र करते हैं। प्रोमो में शर्मा को एक खास किट का अनावरण करते हुए भी दिखाया गया है, साथ ही वह जो कोरी द्वारा निभाए गए, फैन-फेवरेट कैरेक्टर स्टीव हैरिंगटन का भी ज़िक्र करते हैं। जब विपक्षी के बारे में पूछा जाता है, तो शर्मा मुस्कुराते हुए पंचलाइन देते हैं कि वह आदमी जो लोगों को पतंग की तरह उड़ाता है, वेकना। तैयार हो जाओ, लड़कों।

# कोहली का विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबला चिन्नास्वामी से सीओई हुआ स्थानांतरित

**बेंगलुरु, वार्ता।** सुरक्षा कारणों के चलते कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के सभी मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से हटाकर बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मैचों में बुधवार को दिल्ली और आंध्र के बीच होने वाला उद्घाटन मुकाबला भी शामिल है, जिसमें विराट कोहली और पंत खेलते हुए नज़र आएंगे।

केएससीए को इस देर से हुए घटनाक्रम की जानकारी मंगलवार सुबह कर्नाटक के गृह मंत्रालय की ओर से दी गई। यह दो सप्ताह के भीतर मैदान पर किया गया दूसरा बदलाव है। इससे पहले केएससीए ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा चुनौतियों के कारण कोहली और पंत से जुड़े कम से कम कुछ मैच अलूर से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थानांतरित किए थे।



दिल्ली और आंध्र दोनों टीमों को इस नए फ़ैसले की जानकारी उनके अभ्यास सत्र से पहले दे दी गई है। अभ्यास सत्र भी अब सीओई में ही होगा। लॉजिस्टिक्स की ज़िम्मेदारी संभाल रहीं केएससीए की ओर से भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले सभी मैच बंद दरवाज़ों के पीछे खेले जाएं। बेंगलुरु पुलिस ने एयरोस्पेस पार्क के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है, जहां सीओई स्थित है। सीओई इससे पहले भी बंद दरवाज़ों के पीछे ट्रॉफ़ी, महिला विश्व कप के अभ्यास मैच और भारत 'ए' द. अफ्रीका ए के बीच हुई सीरीज की मेजबानी कर चुका है। केएससीए ने इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में को. हली और पंत से जुड़े मैचों के आयोजन को लेकर भरोसा जताया था। उन्होंने आम दर्शकों के लिए दो स्टैंड खोलने की संभावना भी जताई थी, जिनमें पूरी क्षमता होने पर 2000 से 3000 दर्शक बैठ सकते थे। हालांकि, इस प्रस्ताव को सरकार की ओर से कड़ा विरा. ध झेलना पड़ा। सरकार ने संभावित सुरक्षा और अनुपालन संबंधी मुद्दों का हवाला दिया, जबकि चिन्हित किए गए कई क्षेत्रों में सुधार का काम अभी जारी है। क्रिकइंफ़ो को मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार छुट्टियों के मौसम में चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचना चाहती थी। सोमवार को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पीएम से मिले ओलंपियन नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनके आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। श्री मोदी ने कहा कि आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। हमने खेलों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शुरू में श्री मोदी ने फिटनेस को बढ़ावा देने के नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की थी। फिट इंडिया योजना के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख पर प्रतिक्रिया करते हुए श्री मोदी ने कहा था कि इस तरह के दूरदर्शी और प्रेरक लेख मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की जरूरत पर बल देता है।

# 2026 में भारत के पास टी-20 विश्व कप व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना का होगा मौका

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का 2026 का शेड्यूल रोमांचक मुकाबलों और बड़े टूर्नामेंट्स से भरा है। इस साल पुरुष और महिला टी-20 विश्व कप के साथ-साथ एशियाई खेल प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा भारत की सभी फॉर्मेट में द्विपक्षीय सीरीज की पूरी सूची भी शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत के साथ 2025 की शानदार सफलता के बाद, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी। इस सीरीज में पांच टी-20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे।

इसके बाद फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 खेला जाएगा, जहां सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई में जीते गए खिताब

**भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी**

को डिफेंड करेगी। पिछली बार जब भारत ने पुरुष टी-20 विश्व कप की मेजबानी की थी, तब वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता था। सेमीफाइनल में भारत को विजेता वेस्ट इंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल 2026 का दबदबा मार्च से मई तक भारत के क्रिकेट कैलेंडर पर रहेगा, इस दौरान कोई अंतरराष्ट्रीय मैच निर्धारित नहीं है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के हिस्से के रूप में कम से कम चार रेड-बॉल मैच खेलेगी, जिसमें साल के दूसरे हिस्से में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो-दो टेस्ट मैच की अवे सीरीज शामिल हैं। वहीं, डब्ल्यूपीएल पिछले साल की तरह फरवरी-मार्च के बजाय जनवरी-फरवरी में आयोजित होने वाली है। महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह सभी प्रारूपों के टूर्नामेंट खेलेगी। इसके बाद जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 में भारत प्रतिस्पर्धा करेगा। टी-20 विश्व कप के बाद, भारत और इंग्लैंड लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले पहले वूमेंस टेस्ट मैच में खेलकर इतिहास रचेंगे। इस मैदान पर वर्ल्ड कप फाइनल सहित कई हाई-प्रोफाइल क्रिकेट मैच खेले जा चुके हैं। हालांकि, लॉर्ड्स में पहली बार महिला टेस्ट मैच होगा। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची और नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स 2026 में अपने गोल्ड मेडल को डिफेंड करने की कोशिश करेंगी।

# नेमार की घुटने की सर्जरी सफल रही

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब सैंटोस ने बताया कि सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार की बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए सर्जरी सफल रही। ब्राज़ील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने दक्षिणी शहर बेलो हो. रिज़ोंटे के माटर देई नोवा लीमा अस्पताल में आर्थोस्कोपी की। सैंटोस की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया कि सर्जरी सफल रही, और खिलाड़ी ठीक है। इसमें आगे कहा गया कि 33 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार दोपहर को छुट्टी दे दी गई और वह फिजियोथेरेपिस्ट राफेल मार्टिनी के कोऑर्डिनेशन में तुरंत अपना रिहैबिलिटेशन प्रोसेस शुरू करेंगे। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियाई सीज़न का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने में मदद करने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फ़ैसला किया।

# 'जश्न मनाओ, लेकिन मर्यादा के साथ': सरफराज



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अंडर-19 टीम के मौजूदा मेंटर सरफराज अहमद ने कहा है कि उन्होंने अपने खिलाड़ियों से भारत पर एशिया कप की जीत का जश्न सम्मान और खेल भावना के साथ मनाने और वैसा व्यवहार न करने का आग्रह किया जैसा उनके विरोधियों ने किया था।

सरफराज फाइनल के एक वायरल वीडियो के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्हें अपने खिलाड़ियों से यह कहते हुए सुना गया कि अगर भारत के खिलाड़ी हद पार भी करें तो भी वे बदतमीजी न करें। फाइनल के दौरान दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए, जैसा कि मई में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद से सभी स्तरों पर दोनों टीमों के बीच आम बात हो गई है। वैभव सूर्यवंशी एक गरमागरम ऑन-फील्ड पल में शामिल थे, जब अली रजा द्वारा आउट होने के बाद, उन्होंने मैदान से बाहर जाते समय अपने जूते की ओर इशारा किया। सरफराज ने अपने जवाब में उस घटना का जिक्र किया। मैंने उन भारतीय टीमों के खिलाफ खेला है जो क्रिकेट को क्रिकेट के तौर पर लेती थीं (और कुछ नहीं)। मैंने बाहर से देखा कि खेल के प्रति उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। और उनके एक खिलाड़ी ने ऐसा इशारा किया जो आप सभी ने स्क्रीन पर देखा। मुझे लगता है कि वह अनुचित था। अगर आपको कोई दिक्कत है। हमने बहुत क्रिकेट खेला है और अगर मैदान पर कुछ कहा जाता है तो आप जवाब दे सकते हैं। लेकिन वह एक अनुचित जवाब था। जहां तक खिलाड़ियों की बात है, मैंने बस अपने खिलाड़ियों से कहा कि हमें जश्न मनाना चाहिए, लेकिन मर्यादा के साथ। वे जो कर रहे हैं, हमें वह नहीं करना चाहिए। हमें खेल भावना दिखानी चाहिए। हमें शांत रहना चाहिए और अपनी टीम का साथ देना चाहिए और उन्हें वही करने देना चाहिए जो वे कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दुबई में फाइनल 191 रनों से जीता और लौटने के बाद से उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ।

## पीसीबी अंडर-19 भारतीय खिलाड़ियों के अनैतिक आचार संहिता को लेकर आईसीसी से संपर्क करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को घोषणा की कि बोर्ड एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के भड़काऊ व्यवहार के बारे में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से संपर्क करेगा, जियो न्यूज़ ने रिपोर्ट किया। पाकिस्तान ने टाइटल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को आईसीसी अकादमी में भारत को 191 रनों से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा विजयी पाकिस्तान अंडर-19 टीम को बधाई देने के लिए आयोजित एक रिसेप्शन में बोलते हुए, नकवी ने आरोप लगाया कि भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्षों को बार-बार उकसाया। नकवी ने कहा कि अंडर 19 एशिया कप फाइनल में भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उकसाते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस घटना के बारे में आईसीसी को सूचित करेगा कि और कहा कि राजनीति और खेल को अलग रखा जाना चाहिए।

# ढमोला पर मेयर व नगर आयुक्त का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डा. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शाम गिल कॉलोनी क्षेत्र में ढमोला चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और गैराज प्रभारी को वहां ढमोला की एक हजार गज से अधिक जगह घेर कर अवैध रुप से चलायी जा रही पशु डेरी को हटाने के निर्देश दिए।

ढमोला किनारे के आवासीय क्षेत्रों को वर्षा ऋतु में बाढ़ की त्रासदी से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से ढमोला नदी का न केवल चौड़ीकरण किया जा रहा है, अपितु वृक्षारोपण कर उसके किनारों का सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। इस अभियान के तहत निगम द्वारा विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोले से निकाली गयी मिट्टी को पीछे खींचकर सीढ़ीदार तटबंध बनाये गए हैं और उन तटबंधों पर वृक्षोरोपण भी किया गया है। इससे न केवल ढमोला नदी चौड़ी हुयी है,



उसके किनारों का सौंदर्यीकरण भी हुआ है।

ढमोला नदी चौड़ा करने का यह कार्य निगम द्वारा वर्तमान में गिलकॉलोनी के पीछे बहते ढमोला किनारे किया जा रहा है। आज शाम महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने ढमोला के उक्त चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मिट्टी के बनाये जा रहे तटबंध की कतार को आगे बढ़ाते हुए बीच में आने वाले अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

उक्त स्थल पर करीब एक हजार गज ढमोला तटबंध घेरकर अवैध रुप से चलायी जा रही डेरी को भी उन्होंने हटाने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए।

नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों को सिंचाई विभाग व प्रशासन से समन्वय बनाकर ढमोला नदी की मूल चौड़ाई का चिह्निकरण करने और उस पर निशान लगाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद एवं उपसभापति मयंक गर्ग, क्षेत्रीय पार्षद गौरव कपिल व ज्योति अग्रवाल के अलावा जेडएसओ राजीव चौधरी व अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मौलवी फरीद समेत धर्मगुरु सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीसीआई इंडिया और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन प्रोग्राम के तहत धर्म गुरुओं की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया।



घंटाघर स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि सभी धार्मिक गुरु जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक साल से सहयोग करते आ रहे हैं जिसके कारण टीकाकरण का जो कवरेज है वह बढ़ा है और बच्चों को टीकाकरण करने में सभी धार्मिक गुरुओं का सहयोग रहा है। उन्होंने उन्मुखीकरण में उपस्थित सभी धार्मिक गुरुओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया और सभी से भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग करने के लिए अनुरोध किया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार ने सभी को 12 जानलेवा बीमारियां से बचाव के लिए टीकाकरण कराना बच्चों के लिए कितना जरूरी है उस पर जोर दिया। जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद ने सभी से टीकाकरण को समय पर कराने के लिए समुदाय में सहयोग की मांग की और स्वच्छता पर फोकस किया।

इस बैठक में वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर आनंद पांडे, डी एम सी यूनिसेफ अमित शर्मा, डॉक्टर आनंद किशोर, मंसूर, सी एस ओ कोऑर्डिनेटर गुलअफशा सिद्दीकी, समाज सेवी शाकार खान, इशांत रघुवंशी, गुलिस्ता, अफसा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# सादगी की मिसाल थे चौधरी साहब: शाहजमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौ.चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



आज कार्यकर्ता प्रातः अस्पताल चौक पहुंचकर चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात दिल्ली रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर चौधरी साहब की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ किया एवं मिष्ठान वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि चौधरी साहब ईमानदारी एवं सादगी की जिंदा मिसाल थे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव चौधरी अयूब हसन, प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, मनोज वर्मा, प्रधान जसमेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, ठाकुर मूलचंद सिंह, विशाल काम्बोज, पंडित दिनेश शर्मा, पार्षद पति भूरा मलिक, मंजुल चावला, राव इरफान, प्रवेश कश्यप, नानौता नगर अध्यक्ष शहजाद मलिक, सरसावा नगर अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह कश्यप, मोहम्मद नासिर, प्रधान मेहरबान, अनुराग चौधरी, रजनीश चौधरी, चौधरी हरिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ पकड़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को थाना प्रभारी विनो.द कुमार की अगुवाई में थाना पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान अलग अलग स्थानों से दो आरोपियों को 24 बोतल हरियाणा मार्का व 44 पव्वे फ्रूटी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी जाबिर पुत्र शब्बीरा निवासी ग्राम दूधगढ थाना चिलकाना को 44 पव्वे फ्रूटी के साथ पटनी से कालू माजरा जाने वाले रास्ते पर भट्टे के निकट ट्यूबवैल से गिरफ्तार किया गया।

दूसरे आरोपी शिवम् उर्फ धोनी पुत्र पप्पू निवासी ग्राम टोडरपुर थाना चिलकाना को 12 बोतल रसीला माल्टा हरियाणा मार्का के साथ गांव रावणपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

# चौ.नीरपाल के नेतृत्व में निकाली पदयात्रा

## भारत रत्न स्व.चौ.चरण सिंह की जयंती पर खेल क्षेत्र की 31 बेटियां सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती पर रालोद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह के नेतृत्व में चौधरी साहब की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पद यात्रा निकाली। इस अवसर अंजलि सैनी, आरती, शुमाइना, अंशिका, वर्षा, खुशी सहित 31 खिलाड़ी बेटियों को चौ चरण सिंह चौक पर ही चरण सिंह अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सभी रालोद कार्यकर्ता हसनपुर चुंगी पर एकत्रित हुए। जहां से सभी नेता कार्यकर्ताओं के साथ पद यात्रा करते हुए दिल्ली रोड,कोर्ट रोड,दीवानी तिराहे से सदर थाना रोड होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक पर पहुंचे जहां पर चौधरी साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी साहब करोड़ों किसानों,नौजवानों के दिलों में बसते हैं। चौधरी साहब ने देश के किसानों को मान सम्मान से जीना सिखाया, किसानों को उनके हक और न्याय दिलाए।जयंती पर नौजवानों को उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। पद यात्रा के दौरान उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष राव केसर सलीम, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी, जिलाध्यक्ष हरिद्वार शारिक चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष रुपिन चौधरी, सतीश चौधरी , राजदीप ढाका, मुकेश पप्पू, कमल सोनकर, रवि चौधरी, गुरमीत, रूपचंद, मेहरबान, आशीष चौधरी, आरिफ मलिक ने पूरा सहयोग किया।

# वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**सहारनपुर।** सर्द मौसम में लगातार बढ़ रहे घने कोहरे और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए सहारनपुर आरटीओ कार्यालय द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। आरटीओ कार्यालय स्थित फिटनेस ग्राउंड में आरटीओ शंकर सिंह के निर्देश पर एआरटीओ संदीप जयसवाल के नेतृत्व में आरआई रोहित कुमार द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

इस दौरान आर आई रोहित कुमार ने वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित वाहन चलाने की जानकारी देते हुए बताया कि कोहरे में वाहन चलाते समय गति धीमी रखें, लो बीम लाइट का प्रयोग करें, अचानक ब्रेक न लगाएं, और वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ओवरटेक करने से बचें और सड़क संकेतों का विशेष ध्यान रखें।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कोहरे के दौरान वाहनों की बेहतर दृश्यता सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। रिफ्लेक्टर लगे होने से रात और कोहरे में दूर से ही वाहन दिखाई देते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों को समय रहते सतर्क होने में मदद मिलती है!

# राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की गयी।

जिलाध्यक्ष जमाल साबरी के चैम्बर पर मौ.शाहजमाँ एड को जिला उपाध्यक्ष,मो साकिब एड को जिला सचिव, मो फईम एड को जिला सचिव, अभिषेक अम्बेडकर एड जिला अध्यक्ष युवा विंग, नियाज हुसैन एड जिला उपाध्यक्ष युवा विंग, सागर एड को जिला सचिव युवा विंग, शाजिया एड को जिला उपाध्यक्ष महिला युवा बनाया गया है। अधिवकाओं को सम्बोधित करते हुऐ जिला अध्यक्ष जमाल साबरी एड ने कहा कि संगठन का जल्द ही और विस्तार किया जाऐगा।



जमाल साबरी एडवोकेट ने कहा कि युवा अधिवक्ताओ की समस्याओं को आज दिनांक 23/12/25 को राष्ट्रीय संयुक्त अधिवका मंच के जिला अध्यक्ष जमाल साबरी एडवोकेट के चौम्बर लिविल कोर्ट में संगठन का विस्तार करते हुये, मौ. शाहजमाँ एड को जिला उपाध्यक्ष,मो साकिब एड को जिला सचिव,मो फईम एड को जिला सचिव, अभिषेक अम्बेडकर एड जिला अध्यक्ष युवा विंग,नियाज हुसैन एड जिला उपाध्यक्ष युवा विंग, सागर एड को जिला सचिव युवा विंग ,शाजिया एड को जिला उपाध्यक्ष महिला युवा बनाया गया है। अधिवकाओं को सम्बोधित करते हुऐ जिला अध्यक्ष जमाल साबरी एड ने कहा कि संगठन का जल्द ही और विस्तार किया जाऐगा।

जमाल साबरी एडवोकेट ने कहा कि युवा अधिवक्ताओ की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उसको हल कराने का काम किया जायेगा चौम्बर निर्माण का मुद्दा,एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट व अनेक मुद्दो के लेकर काम किया जायेगा तथा अधिवक्ताओं के हितो के लिए कार्य करने वालो को संगठन में अहम जिम्मेदारी दी जायेगी और कहा कि राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच सदैव अधिवक्ताओं के लिए कार्य कर रहा है तथा अधिवक्ताओं को होने वाली समस्याओं को दूर कराने का काम करता है पूरे भारत में एवं पूरे प्रदेश में संगठन कार्य कर रहा है। नव नियुक्त पदाधिकारियों से आशा करते है की अधिवक्ताओ के हितों के लिए कार्य कर संगठन को आगे बढाने को काम कोरेगे।

कार्यक्रम में राव शमीम एड, अब्दुल रहमान एड., राव खालिद एड,साकिर एड, एड, विकास मौर्य एड रूमन लाम्बा एड, गरिगा राणा एड.,अंकिता एड,पूजा व काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। प्रमुखता से उठाकर उसको हल कराने का काम किया जायेगा

कार्यक्रम में राव शमीम एड, अब्दुल रहमान एड, राव खालिद एड, साकिर एड, एड, विकास मौर्य एड रूमन लाम्बा एड, गरिगा राणा एड., अंकिता एड,पूजा व काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने पर जताई आपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी के नगर महासचिव मयंक शर्मा भारतीय ने भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी का नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से हटाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा कि मनरेगा वह कानून है, जिसने ग्रामीण भारत के लोगों को काम मांगने का कानूनी अधिकार दिया और हर वर्ष 100 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की। ऐसे ऐतिहासिक कानून से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना एक सचेत और वैचारिक निर्णय है। मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि गांधीजी श्रम की गरिमा, सामाजिक न्याय और गरीबों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी के प्रतीक रहे हैं। उनका नाम हटाना भाजपा और आरएसएस की गांधी विचारधारा के प्रति दीर्घकालिक असहजता को दर्शाता है और एक केंद्रीय जनकल्याणकारी कानून से राष्ट्रपिता के जुड़ाव को मिटाने का प्रयास है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 60/40 के वित्तीय अनुपात पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इससे कई राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। ऐसे राज्य जो 40 प्रतिशत का भार उठाने में सक्षम नहीं हैं,वहां मनरेगा जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस व्यवस्था से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए केवल अपना कद बढ़ाने का प्रयास कर रही है। मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा यह तय करना कि किस गांव में कौन सा विकास कार्य होगा, सीधे तौर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में हस्तक्षेप है।

# जयंती पर जनपदभर में याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपदभर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण की जयंती पर हवन यज्ञ कर उन्हें याद कर नमन किया गया। साथ ही चौधरी साहब को हर वर्ग का सच्चा मसीहा बताया गया।

अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा किसान के सच्चे हितेषी थे जिन्होंने सदैव किसान और देश मजदूर वर्ग के अधिकारों को दिलाने का काम किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, सपा के प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव, चौधरी अब्दुल गफूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, महेंद्र राकेश महजबी खान नाजिया गुलशन शाहिद मंसूरी आर्यन मलिक हसीन कुरैशी चौधरी जुमला सिंह नदीम कुरैशी गुलशन आजरा मनीषा बानो मुर्शीद रिहाना महक वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

आर्य जाट समाज कल्याण समिति द्वारा जाट भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ. चरण सिंह की जयंती पर हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख मास्टर विजेंद्र सिंह, समाजसेवी पुष्पेंद्र चौधरी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बी डी एम पब्लिक स्कूल में चौधरी चरण सिंह ग्रामये विकास संस्थान द्वारा चोधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।प्रबंध निदेशक डॉ अशोक मलिक ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने सदैव जाति धर्म से ऊपर ऊठकर देश हित में कार्य किया। इस अवसर पर रविंदर शरद यतेंद्र पवार अर्जुन पवार लक्ष्य मलिक नत्थू सिंह ठेकेदार यशपाल विश्वजीत तिवारी अशोक कुमार दीपक सुधीर चोधरी परवीन कुमार मीनू फौजी दयाल सिंह हरेंद्र चौधरी हरेंद्र कुमार सुषमा चोधरी अंशिका चौधरी रेखा चौधरी प्रिया श्रीमती प्रिया कवात्रा खुशी मीना जावेद अली अरमान मलिक राजन डबराल आदि उपस्थित रहे।









भारत रत्न और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश द्वारा यज्ञ व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। हकीकत नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में चौधरी चरण सिंह विचार मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अजमान चौधरी अर्जुन सिंह रहे व यज्ञ को संपन्न आर्य समाज मंदिर के आचार्य वीरेंद्र शास्त्री द्वारा कराया गया। इसके पश्चात चौधरी चरण सिंह जी के जीवन पर उनके द्वारा किए गए कार्यों पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन सचिन चौधरी के द्वारा किया गया। प्रदेश संयोजक रजनीश चौहान, नाथीराम कांबोज, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर ने अपने विचार रखे। वचार गोष्ठी में सत्यपाल सिंह चौहान, सतीश कुमार गर्ग, प्रवक्ता सचिन चौधरी, अंजुम, विनोद पुंडीर, कुलभूषण जैन, पुष्पेंद्र प्रधान अभिषेक चौहान अमरीश, महिपाल सिंह ताजपुर एडवोकेट सत्येंद्र सिंह तोमर, अमरपाल सिंह तोमर, नरेश कुमार राकेश कुमार, रानी इरफान, धनवीर आदि उपस्थित रहे।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा बार प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती मनाई गई। बाबू बिशम्बर सिंह पुंडीर एडवोकेट द्वारा अधिवक्ताओं के साथ पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट, महासचिव अजय कौशिक, अमरीश पुंडीर उर्फ लाला एडवोकेट, राजेंद्र सिंह चौहान, राधेश्याम पुडीर, राहुल त्यागी, महीपाल सिंह, राजीव गुप्ता, राजेंद्र चौधरी, निशांत त्यागी, नरेंद्र कुमार, नितिन शर्मा, रमन गुप्ता, संदीप पुंडीर, स्वराज सिंह, सतीश चौधरी, नरेंद्र चौधरी, रामपाल सिंह वर्मा, संतोष तोमर, नरेंद्र मलिक, पवन कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन तोमर के प्रदेशाध्यक्ष धमेन्द्र तोमर ने भी स्व. चौ. चरण सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया और कहा कि चौ. चरण सिंह हर वर्ग के मसीहा थे।

**नागल।** किसानों के मसीहा, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जंयती पर उन्हे भावपूर्ण ढंग से याद कर श्रद्धांजलि दी गयी।

जिला पंचायत कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने कहा चौधरी साहब किसान,मजदूरों के सच्चे मसीहा थे।उन्होने पूरा जीवन किसान, मजदूरों के परिवारों के उत्थान के लिए काम किया। उनका कथन था कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहान से होकर ही गुजरता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे वे कई बार जेल गये। स्वतंत्रता उपरान्त उन्होने राजस्व,चिकित्सा, एंव सार्वजनिक स्वास्थ्य, न्याय सूचना आदि कई विभागों में काम करते हुए देश के प्रधानमंत्री पद तक पंहुचे। भूमि सुधार के वे वास्तुकार माने जाते है। सादा जीवन उच्च विचार के पोषक चौधरी साहब आज भी हमारे प्रेरणास्रोत है। इस अवसर मुख्य रूप से अपर मुख्य अधिकारी,चन्द्र वीर सिंह, अभियंता मुकेश कुमार, मुकेश चौहान, हंसराज गौतम, अजीत राणा, ईशांत चौधरी, नीटू, पंकज कश्यप सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**नकुड़।** एसपीएस कान्वेंट स्कूल बाधी में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन किसान दिवस के रूप मे मनाया गया।शुभारंभ प्रधानाचार्य गौरव शर्मा द्वारा किया गया। प्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किसान नेता के रूप में जाना जाता है उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय किसानों के अधिकारों कृषि सुधारो और ग्रामीण विकास को समर्पित किया है यही कारण है कि उनके जन्म दिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश के किसान और राष्ट्र के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया गया है।उन्होंने कहा कि किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलकर हम सबको भी देश की उन्नति में भागीदार बनना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

## बांग्लादेश पर बवाल

बांग्लादेश में हिन्दू कार्यकर्ता की हत्या के बाद वहां आग लगी हुई है ,जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। भारत के असम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हिन्दू संगठन प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसी भी देश में लोगों की सुरक्षा उस सरकार का काम होता है, लेकिन बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद यूनुस सरकार आने पर हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं, जिसके कारण वहां रह रहे अल्पंख्यकों हिन्दुओं में भारी आक्रोश है। हो भी क्यों न, वहां की सरकार हिन्दुओं की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण भारत में भी माहौल गरमा गया है। परिणामस्वरूप नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हिन्दू संगठनों का जोरदार प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। बांग्लादेश में भी हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। ये विडंबना ही है कि जिस सरकार को बनाने में सभी लोग भाग लेते हैं, लेकिन सरकार इनकी सुरक्षा में ही विफल हो गई है। और तो और सरकार आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। विहिप और अन्य हिंदू संगठनों ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई है। दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मारा और बाद में उसका शव जलाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से बवाल मच गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं, ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि, सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़ते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी काफी आक्रोश में थे और उन्होंने सिक्योरिटी का दो लेयर भेद दिया था। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार से मांग की कि इस मामले में बांग्लादेश सरकार से बात की जाए और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की बात उठाई जाए। आज देश के तीन राज्यों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सरकार में हलचल मची और भारत सरकार ने बांग्लादेश स्थित अपने उच्चायुक्तों की सुरक्षा को बढ़ा दिया, लेकिन इसी से काम चलने वाला नहीं है।

## दुविधा में भारतीय नेतृत्व



बंगलादेश में हिंदू महिलाएं के सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डरने की रिपोर्ट चिंता का विषय है, हालांकि यह मुद्दा गंभीर है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं, कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा, केंद्र सरकार को बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को गंभीरतापूर्वक उठाना चाहिए।

**-महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**

# आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी

**जन्मदिन पर विशेष**



**रफी साहब ने अपने सिने करियर में लगभग 700 फिल्मों के लिए 26 हजार से भी ज्यादा गीत गए, वह इंडस्ट्री में अपने मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे।**

**मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी।**

अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था और उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाहौर में रफी संगीत की शिक्षा उस्ताद अब्दुल वाहिद खान से लेने लगे और साथ ही उन्होंने गुलाम अली खान से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी सीखना शुरू कर दिया। एक बार हमीद रफी को लेकर के-एल-सहगल संगीत कार्यक्रम में ले गए, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण के-एल- सहगल ने गाने से इंकार कर दिया। हमीद ने कार्यक्रम के संचालक से गुजारिश की कि वह उनके भाई रफी को गाने का मौका दें। संचालक के राजी होने पर रफी ने पहली बार 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत स्टेज पर दर्शकों के बीच पेश किया। दर्शकों के बीच बैठे संगीतकार श्याम सुंदर को उनका गाना अच्छा लगा और उन्होंने रफी को मुंबई आने के लिए न्यौता दिया। श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में रफी ने अपना पहला गाना सोनिएनी हिरीए नी पार्श्व गायिका जीनत बेगम के साथ एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए गाया। वर्ष 1944 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में उन्हें अपना पहला हिन्दी गाना हिन्दुस्तान के हम है पहले आप के लिए गाया। वर्ष 1949 में नौशाद के संगीत निर्देशन में दुलारी फिल्म मे गाए गीत सुहानी रात ढल चुकी के जरिए वह सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गए और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिलीप कुमार देवानंद, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, शशि कपूर, राज. कुमार जैसे नामचीन नायकों की आवाज कहे जाने वाले रफी अपने संपूर्ण सिने कैरियर मे लगभग 700 फिल्मों के लिए 26000 से भी ज्यादा गीत गाए।

मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी। मोहम्मद रफी को अमिताभ-धर्मेन्द्र की फिल्म शोले बेहद पंसद थी और उन्होंने इसे तीन बार देखा था। मोहम्मद रफी फिल्म इंडस्ट्री में मृदु स्वाभाव के कारण जाने जाते थे, लेकिन एक बार उनकी कोकिल कंठ लता मंगेश्कर के साथ अनबन हो गई थी। मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर के साथ सैकड़ों गीत गाए थे लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब रफी ने लता से बातचीत तक करनी बंद कर दी थी। लता मंगेशकर गानों पर रॉयल्टी की पक्षधर थी जबकि रफी ने कभी भी रॉयल्टी की मांग नहीं की। रफी साहब मानते थे कि एक बार जब निर्माताओं ने गाने के पैसे दे दिए तो फिर रॉयल्टी किस बात की मांगी जाए। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच बातचीत भी बंद हो गई और दोनों ने एक साथ गीत गाने से इन्कार कर दिया हालांकि चार वर्ष के बाद अभिनेत्री नरगिस के प्रयास से दोनों ने एक साथ एक कार्यक्रम में -दिल पुकारे-गीत गाया। मोहम्मद रफी ने हिन्दी फिल्मों के अलावा मराठी और तेलुगू फिल्मों के लिए भी गाने गाए। मोहम्मद रफी अपने करियर में 6 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। वह वर्ष 1965 में रफी पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 30 जुलाई 1980 को आस पास फिल्म के गाने शाम कयू उदास है दोस्त, गाने के पूरा करने के बाद जब रफी ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल से कहा कि शूड आई लीव जिसे सुनकर लक्ष्मीकांत प्यारे लाल अचंभित हो गए क्योंकि इसके पहले रफी ने उनसे कभी इस तरह की बात नहीं की थी। अगले दिन 31 जुलाई 1980 को रफी को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को ही छोड़कर चले गए।

**...साभार**

# उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी जहन्नुम

**उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है।**



**शमशाद रशीद**

उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी हन्नुम हो गई है उनके सिर पर पढ़ाई के अलावा कई तरह के काम का बोझ और इतने कम कुछ इज्जतदार काम और कुछ बहुत ही बेइज्जती के काम उनसे करवाए जा रहे हैं जिसकी वजह से ना वह अपने सम्मान को बचा पा रहे हैं और न वह पढ़ाई के काम को ठीक कर पा रहे हैं ना वह अपनी जिंदगी में अपने परिवार अपने रिश्तेदार ना अपने दोस्तों को समय दे पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर होना एक बहुत बड़ी सजा बनती जा रही है बहुत बड़ी हैरानी की बात यह है कि इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता कि आखिर मास्टर साहब इतनी तकलीफ में क्यों हैं और अगर हैं तो इससे हमारी और आपकी जिंदगी सब की जिंदगी प्रभावित होगी। बच्चे सबके हैं पढ़ते वही हैं कारण क्या है उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स की समस्या का उत्तर प्रदेश की शिक्षा जगत की कौम है। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी टीचर्स के मास्टर साहब पढ़ने के अलावा जितने भी काम हैं सब करते हैं जब यह सब आते हैं तो सब की डिजिटल अटेंडेंस भरते हैं। 36 तरह के एप हैं जिस पर यह प्रतिदिन ऑनलाइन डाटा भरते हैं। तस्वीर खींचते हैं तस्वीरें वीडियो बनाते हैं अपनी जीपीएस लोकेशन देते हैं और भरते हैं। जब यह सब काम कर लेते हैं उसके बाद में स्कूल में झाड़ू लगवाते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं फिर उसके बाद प्रार्थना सभा करते हैं उसके बाद सारी डिटेल मुहैया करते हैं फिर उसके बाद वक्त बचा तो पढ़ाई और मिड डे मील पकवाते हैं, मिड डे मील के बाद फिर रिपोर्टिंग होती है यह सब करने के बाद उनको जनगणना का काम मतगणना का काम एसएआईआर का काम राष्ट्रीय कार्यक्रम कराए जाते हैं। ईंधन का इंतजाम और फिर शाम को प्रधान जी कहते हैं सुबह बाजार से सब्जी और कुछ अनाज भी लेते आना, क्योंकि कल बनेगा क्या अभी इसकी तैयारी नहीं है। इसके बाद बचा एबीएसए की चमचागिरी, प्रधान प्रधान की एरोला विधायक विधायक और बाकी अधिकारियों का और मीडिया के हर समय लगे कैमरे एक बहुत ही अपमानजनक काम है इनका। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में आवारा कुत्ते गिरने के काम में लगाया गया एक शिक्षक को। अगर इस काम में लगाया जाएगा तो क्या उसका कोई आत्म सम्मान बचेगा एक कुत्ते ढूंढने का उनकी गिनती करेगा। यह कौन लोग हैं जो इस तरह का फरमान जारी करते अध्यापकों के आत्म सम्मान के साथ-साथ हमारी मौजूदा आने वाली पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि प्राइमरी का एक टीचर इतने तरह के काम करता है मतलब यह एक टीचर ना हो गया सुपरमैन हो गया, शक्तिमान हो गया, उनसे इतने काम कराया जाए क्या इसकी कोई व्यक्ति का जिंदगी नहीं है उसको शिक्षा के काम में लगाओ। अध्ययन और अध्यापक के काम में लगाओ जो बहुत ही पवित्र काम है। जब उसका ध्यान सारा दिन फालतू के कामों में वीडियो बनाने में मिड डे मील से लेकर बाथरूम की सफाई तक कराएगा, प्राइमरी टीचर होना एक अभिशाप सा बन गया। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी खत्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है अब अगर अब अगर शिक्षकों अब अगर शिक्षकों से इंसान के साथ-साथ कुत्ते भी गिन जाएंगे तो फिर समझ में उन्हें इज्जत कौन देगा। एक तरफ तो कहते हैं कि टीचर्स का काम एक बहुत सम्मान का पैसा है तो क्या उनको कुत्ते गिनने के काम में लगाया जाएगा। मास्टर नाम एक काम अनेक और इसी तरह से उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जो आदेश जारी किया था उसने वापस ले लिया है काफी आलोचना के बाद अब यह संभव था क्या कि मास्टर एक स्कूल के गेट पर खड़ा होकर कुत्तों की निगरानी करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टिन फाइल्स सत्ता की हनक का प्रतीक

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे।

इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-राजीव-राकेश**



नई दिल्ली। शीत ऋतु के कोहरे के कारण रेल सेवाओं में देरी होने से यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।

## विदेशी ड्रोन आयात पर अमेरिका के प्रतिबंध के फैसले पर खेद जताया

**बीजिंग।** मानवरहित हवाई वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, चीनी ड्रोन निर्माता डीजेआई ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा सभी नए आयातित विदेशी ड्रोनों को प्रतिबंधित करने के फैसले पर खेद व्यक्त किया। 'हुआनकिउ' समाचार एजेंसी के अनुसार डीजेआई ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि एक खुले एवं निष्पक्ष बाजार के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

## पाक में सुरक्षाबलों पर हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका ने H-1B और H-4 वीजा जांच सख्त की

### अब सोशल मीडिया भी चेक किया जाएगा, कई महीनों के लिए इंटरव्यू टाले गए



■ यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसम्बर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर लागू होगा।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेडयूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमे. रिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो। एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। पहले फीस लगभग 9 हजार डॉलर थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर लगभग 90 लाख रुपये कर दिया। 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है। ट्रम्प का एच-1 बी वीजा पर 9 साल में कभी हां, कभी ना वाला रवैया रहा है। पहले कार्यकाल में 2016 में ट्रम्प ने इस वीजा को अमेरिकी हितों के खिलाफ कहा था। 2019 में इस वीजा का एक्सटेंशन सस्पेंड किया। पिछले महीने ही यू-टर्न लेते हुए कहा: हमें टैलेंट की जरूरत है। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा।

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

### बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसा 6 भारतवंशी शामिल



■ न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में खुलासा
■ 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया पैसा, दान के बदले कोई राजदूत बना, किसी को कॉन्ट्रैक्ट मिले
■ ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग अलग रास्ते बनाए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी काग. जात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है। ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी, जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।

इसने नवम्बर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमे. रिका 250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस के लिए भी पैसा जुटाया गया। इनमें से कई जगह दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है, इसलिए पूरा सिस्टम काफी हद तक सीक्रेट बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें रेगुलर जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और पहुंच चाहिए तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक महिला ने मेगा आईएनसी को 25 लाख डॉलर दिए और कुछ महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बहुत कम सजा मिली। इसी तरह एक इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और वह ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में है। वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई से जुड़ी नीतियों की तारीफ की।

## अदालत ने दिया ट्रम्प प्रशासन को झटका

■ जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रम्प प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रम्प सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। बोसबर्ग ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है। ट्रम्प प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रम्प सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवा. सियों को टेरेरिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था। जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से जयादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

# बांग्लादेश में उन्माद पर अमेरिका ने जताई चिंता

■ इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद बोले: अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून का राज बहाल करे सरकार
■ दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित मॉब लिंचिंग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। अमे. रिका के सांसदों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का राज बहाल करने की मांग की है।

इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या को लक्षित हिंसा करार देते हुए कहा कि यह घटना देश में बढ़ती अस्थिरता और अशांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। कृष्णमूर्ति ने अपने बयान में कहा मैं बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग से बेहद आहत हूं। सरकार को न केवल दोषियों को सजा देनी चाहिए, बल्कि हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आगे की हिंसा से बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने भी इस घटना को बेहद भयावह बताते हुए कहा कि यह बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के एक चिंताजनक पैटर्न को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भीड़ ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे आग के हवाले कर दिया और शव को सड़क पर छोड़ दिया गया।

राजकुमार के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमले हुए और 150 से ज्यादा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि घटना 19 दिसम्बर की है, जब मायमेनसिंह शहर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को कथित रूप से ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला। अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अमेरिकी सांसदों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

## भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को 'शांति अधिनियम 2025' देगा बढ़ावा

■ यूएसआईएसपीएफ ने नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारतीय रणनीतिक सहभागिता पार्टनरशिप फोरम ने मंगलवार को -नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक परमाणु ढांचे में 'व्यापक सुधार' बताया, जो स्वच्छ ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित होने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। आजादी के बाद से भारत के परमाणु क्षेत्र में यह सबसे बड़ा सुधार है। यह नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज अधिनियम 2010 का स्थान लेगा। यूएसआईएसपीएफ ने इस अधि. नियम को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में 'ऐतिहासिक मोड़' करार दिया है, जो अमेरिका और भारत के बीच परमाणु ऊर्जा विकास में बेहतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति अधिनियम भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी बढ़ाने, परमाणु ऑपरेटरों के लिए दायित्व ढांचे को स्पष्ट करने और 2008 में किए गए भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की लंबित संभावनाओं को क्रियान्वित करने की क्षमता के मद्देनजर इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

# चीनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया ऑनलाइन वीजा सिस्टम

### आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा



**बीजिंग।** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने अब भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। इसके तहत अब भारतीय नागरिक चीन के लिए वीजा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वीचैट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसम्बर, 2025 से आधिकारिक रूप से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन वीजा आवेदन प्रणाली के तहत अब आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट भी तय कर सकते हैं। यह सुविधा टूरिस्ट (एल), बिजनेस (एम), स्टूडेंट (एक्स) और वर्क (जेड) वीजा के लिए उपलब्ध होगी। रिपोर्ट की माने तो इस नई प्रणाली के तहत अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी। आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। इतना ही नहीं शुल्क का भुगतान यूनियनपे के जरिए आईएनआर में किया जा सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। हालांकि, चीनी दूतावास की अंग्रेजी वेबसाइट पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि यह कदम भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाए गए हालिया प्रयासों का हिस्सा है। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने कई कदम उठाए हैं, जैसे कि भारत ने चीनी पेशेवरों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया तेज की। जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करना फिर से शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स फिर से शुरू हुईं। गौरतलब है कि भारत और चीन के संबंध बीते कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। वहीं मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के कारण चीन के नागरिकों को भारत में वीजा जारी करना बंद कर दिया गया था। ऐसे में अब चार साल से अधिक के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे रिश्तों को सामान्य करने के कई कदम उठाए हैं।






# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अपील दोहराई


### अमेरिका के राष्ट्रपति बोलेः ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं

■ डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था

**वाशिगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा है कि यह क्षेत्र उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' चाहिए न कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर संवाददाताओं से कहा कि हमें ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि खनिजों के लिए।

ट्रम्प का यह बयान उनके प्रशासन के पिछले बयान से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक रणनीति और अहम खनिजों एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं के लिए ग्रीनलैंड चाहता है। ट्रम्प ने रविवार को लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ़ लैंड्री को ग्रीनलैंड में अपना विशेष दूत नियुक्त किया था। अमे. रिका के राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए ही चाहिए और लैंड्री हमारी कोशिश की अगुवाई करना चाहते थे। वह कहते हैं कि वह (ग्रीनलैंड) डेनमार्क का है। डेनमार्क ने उस पर कोई खर्च नहीं किया और उसके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। इसके जवाब में लैंड्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विशेष दूत का पद ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए एक स्वैच्छिक पद होगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक पूर्व औपनिवेशिक क्षेत्र है, जिसे 1979 में स्वराज का अधिकार दिया गया था। डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था, जिसके बाद इस द्वीप को अपने आंतरिक मामलों में फैसले लेने की आज़ादी मिल गई। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनलैंड के विदेशी मामलों, रक्षा और सुरक्षा नीति पर अब भी डेनमार्क का ही अधिकार है। ग्रीनलैंड के लिए ट्रम्प के दूत की नियुक्ति से ग्रीनलैंड, डेनमार्क और यूरोपीय संघ में कड़ी राजनयिक उथल-पुथल हुई है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने सोमवार को कहा कि वह इस नियुक्ति को लेकर डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत केनेथ होवेरी को बुलाएंगे। रासमुसेन ने डेनमार्क के प्रसारक टीवी 2 से कहा कि मैं इस विशेष दूत की नियुक्ति से बहुत परेशान हूं। मैं खास तौर पर दूत के बयानों से परेशान हूं, जिन्हें हम बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकते। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे अमेरिका से अपनी 'संयुक्त क्षेत्रीय अखंडता' के लिए सम्मान की उम्मीद करते हैं।

## श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा 'पुनर्निर्माण पैकेज': जयशंकर



■ चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में मदद के लिए नई दिल्ली ने बढ़ाए हाथ

**कोलम्बो।** भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डा. जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गई। डा. जयशंकर ने कहा कि मोदी के विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री का जो पत्र मैंने सौंपा है, वह भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' भूमिका को आगे बढ़ाता है और 45 करोड़ डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की प्रतिबद्धता जताता है।